The hon. Minister in his speech has mentioned that strict measures were undertaken to control the exnenditure and enforce economy in manpower employment during the year. The working expenses of the Railways have largely increased on account of payment of interim relief to stiff and higher cost of fuel. I do not, however, believe that all measures to control the working expenses have been exhausted. There should be concerted efforts towards finding ways and means to improve productivity in areas such as repairs and maintenance of permanent way covered by demand No. 4 and maintenance and repairs of motive power, carriages and wagons covered by demand Nos. 5 and 6.

In this connection. I would like to make some specific suggestions for the consideration of our dynamic Minister of Railways. Shri Madhavarao Scindia.

So far as I am aware, in-position reprofiling of worn out rails has not vet been adopted by the Indian Railwavs. The present practice of off-track rail surface rectification and reprofiling in a depot is ex-pensive. cumbersome and time-consuming. The track has to be removed and then reassembled at site after renairs. Therefore, rectification and reprofiling of rails in-position without removal of track, should be undertaken by the Indian Railways as

is already being done in other advanceU countries. The proverb goes—'A stitch in time saves nine.* To increase the life and utility of rail$_s$ and to reduce the rate $_0$f deterioration of track and to effect e'-°-nomy in track maintenance and reconditioning, it its important that the track is reprofiled regularly before it deteriorates beyond repairs. This is possible only if the track maintenance is simplified and repro-is done in-position.

ft is gratifying to note from the Explanatory Memorandum on Railway Budge that the hon. Minister has given due attention to modernisation of facilities for maintenance of motive power carriages

wagons. A number of works have been included for modernisation $_0$f workshop like that of Matunga. Parel, Kan-charapara. Liluah, Kharapur, Ajmer, Chit-ranjan etc. In addition, some new maintenance facilities are also being set up at Nasik Road. Bandel, Bhopal, Gemoth Golden Rock, Malda, Guntupatti, Man-cheswar etc. Apparently, some of these projects have been in execution for the past few years, since substantial parts of the anticipated cost have already been in-

d. May I submit that it would have been helpful if the Explanatory Memorandum also indicated the year in which the projects were initiated, for better appreciation of the House.

Modernisation of the existing workshops nd setting up of new workshops will require improvement in repairs technology and provision of modern machinery and quipment.

Sir. in this connection, I would again like to submit for the consideration of the hon. Minister of Railways that as far as possible the entire exercise of modernisation should be carried out in close association with the Indian engineering industry as it would be mutually beneficial for the Indian Railway!* and the Indian Industry and will thus be in the national interest. The emphasis should b$_e$ °n tech-which is not only modern but it is also appropriate to our special conditions and requirements. Indiscriminate im-

6 RS—13.

port of equipments should be desisted as it could prove counter-productive. The railways are expected to handle more than twice the traffic by the turn °f the century. With the existing resource constraints, they will not be abl$_e$ to accept this challenge, unless they modernise the system completely. I would like to urge the hon. Minister to place more emphasis on research and development areas so that Railways would be in a position to beep themselves abreast with the latest advance made in various fields of rail operations.

In ths context the efforts already made by the Railways to introduce new design of freight bogies, light weight coaches, high horse-power locomotives, heavier section welded rails, computerization of freight operations aree. commendable steps. It is hoped that the hon. Minister will carry forward this keen interest so that the development of Railways continues in this right direction.

Sir, it is gratifying to note that the Railways hope to generate internal resources to the extent of 50 per cent of the total outlay for financing the 7th Plan against 42 per cent achieved during the 6th Plan. In the 6th Plan period Railways were not able to invest adequate funds for replacing over aged track, rolling stock and other assets, or on Railway electrification, additional passenger coaches, not to speak of other areas like gauge conversion and laying of new lines.

Now, with larger generation of internal resources, the Railways will be in a position to step up their development investment.

May T compliment the Railways *on* the priorities assigned by them for the various projects? It is a wise policy to concentrate investment on a relatively smaller number of works than disperse the resources over a larger number. It is hoped that this will not only enable Indian Railways to adhere to their time frame projects, but also contain cost over-runs of various projects.

[Shrimati Krishna Kaul]

There has been some criticism of the proposed increase in passenger fare. It is said that the hon. Minister could have foregone Rs. 76 crores that he expects to realise through the proposed increase in fares. I, on my part, would, however, like to compliment the hon. Minister for keeping the interest and need of maintaining the health of the Indian Railways above th$_e$ temptations of popular gimmicks.

The Transport Minister has completely spared freight and parcel traffic and passengers travelling on suburban sections and in the ordinary II Class. There is no increase in the monthly Season Tickets and as much as 90 per cent of the Rail passengers have not been affected at ail by the • proposed change in fares. I would say that only a modest increase has been made in passenger fares and this too is confined to upper classes, and to II class mail and express trains. While supporting the hike in Railway fares, I would request the hon. Minister far Railways to give some sort of a package of concessions for women passengers in this International Year Women, as has been stated by Shri Mishra, hon. Member of Parliament.

The criticism that the proposed increase in fares is unnecessary on the ground that a surpius Biudget has been presented, does not held good either. It is, in fact, not a surplus Budget in the sense that the Railways are going to make a. profit thereby. The surplus is only a small balance that is available for financing works chargeable to the Development Fund. If this surplus is not generated, it would mean that either these works will have to be abandened or the Railways will have to borrow again from the general exchequer. This they have already done in the past and cannot be expected *to* do so over and over again. And even this modest surplus has been planned through great restraints on the working expenses side. It remains to be seen whether the Railways will be able to meet all their working—expresses—commitments in the midst of rising prices. I, therefore, feel that the increase in fares proposed by the Honourable Transport Minister deserves to be uniformly supported.

Customer satisfaction is a good index of performance of any commercial undertaking, more so far a public utility service like the Indian Railways. I can say with confidence that passengers travelling on Indian Railways cannot miss the marked all round improvement in quality of service like the speeding up of trains, improvement in train-punctuality, introduction of pre-packed meals and better catering services covering the passengers travelling in the II class as well, computerization of reservations in metropolitan cities, easy and prompt refund of ticket money, cleanliness of stations measures for safety and travel security of passengers etc. These are some of the features which connot go unnoticed, but I must state it needs continuous attention so that there may not be any set-back and may lead further improvement as there never be a saturation point.

I do hope that with new factory coining up at Kapurthala, and over-aged poaches will be withdrawn from service, making rail journey cleaner, safer and more comfortable. This being the largest public sector undertaking, I hope the Railways -will continue to play their increasing^ significant role with, ever increasing efficiency in carrying country into 21st century with a commitment and speed and lew[1] mite in building vibrant nation a new India under the dynamic leadership of our Prime Minister, Shri Rajiv Gandhi.

."With these words. I once again come and support the Railway Budget (for 1986-87. Thank you.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, इस साल बजट में द्वितीय दर्जे के किराये में तीन प्रकार की वृद्धि की गयी है । एक तो मेल एक्सप्रेस ट्रेन में ढाई सौ किलोमीटर तक की दूरी के लिये साढे सात प्रतिशत और ढाई सौ किलोमीटर से आगे 5 प्रतिशत । इसके अतिरिक्त, 5 सौ किलोमीटर से ऊपर जाने के लिये जो स्लीपर चार्जेज हैं वे 10 रुपये से 15 रुपये और प्रत्येक टिकट में न्यूनतम वृद्धि मान्यवर, एक रुपया की गयी है । मान्यवर, वर्तमान कांग्रेस पार्टी दुबारा सत्ता में सन् 1980 में आई तब से लेकर यह सातवां बजट है और सन् 1980 से लेकर सन 1986 तक एक बार भी रेल बजट ऐसा नहीं प्रस्तुत किया कि उसका असर द्वितीय श्रेणी के यात्रियों पर न पड़ा हो । 15 जुलाई, 1980 से दूसरे दर्जे के भाड़े में वृद्धि की गयी साढ़े 12 प्रतिशत और दूसरे दर्जे की जो साधारण गाड़ी थी उनमें वृद्धि की गयी सौ किलोमीटर से ऊपर की दूरी के लिये 10 प्रतिशत । इसी प्रकार मान्यवर, एक अप्रैल, 1981 से फिर वृद्धि की गयी दूसरे दर्जे की मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों में 10 प्रतिशत और जो साधारण गाड़ियां थीं दूसरे दर्जे की उनमें 2 सौ किलोमीटर से ऊपर जाने पर 5 प्रतिशत । इसी प्रकार से मान्यवर, 1 अप्रैल, 1982 से तिबारा वृद्धि की गयी । उसके बाद मान्यवर, एक अप्रैल, 84 से वृद्धि की गयी और गत वर्ष मान्यवर साढ़े 12 प्रतिशत की वृद्धि दूसरे दर्जे के किरायों में कर दी गयी । मान्यवर मंत्री जी ने बजट स्पीच में इस बात का उद्धरण दिया कि जो दूसरे दर्जे के किरायों में वृद्धि हो रही है इस वर्ष उससे रेलों में यात्रा करने वाले केवल 10 प्रतिशत यात्री ही प्रभावित होंगे । लेकिन यह तर्क मान्यवर कितना संगत नहीं है क्योंकि जो दूरी के यात्री हैं उनमें भी चलने के लिये लोग केवल एक्सप्रेस या मेल गाड़ियों का सहारा लेते हैं । इसलिये रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि कम से कम दूसरे दर्जे के किराये में जो वृद्धि की गयी है उस वृद्धि को वे वापस लेने की कृपा करें क्योंकि इससे इस देश का जो न्यून-तम गरीब यात्री है वही प्रभावित हो रहा है । दूसरा रेल मंत्री जी ने टिकट की दरों में बढ़ाते हुये कहा दिया कि अगर मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों के किराये में वृद्धि की जायेगी तो इससे सड़क पर लोग अधिक चलेंगे और सड़क पर चलने वालों की संख्या ज्यादा बढ़ेगी या कम से कम साधारण गाड़ियों से चलेंगे ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) पीठासीन हुये]

मान्यवर, मंत्रिमंडल का संयुक्त दायित्व होता है । जब डीजल और पैट्रोल की कीमतों में वृद्धि की गयी, तो पैट्रोलियम मंत्री जी ने यह तर्क दिया कि क्योंकि डीजल और पैट्रोलियम की खपत ज्यादा हो रही है, इस लिये लोग डीजल और पैट्रोल का इस्तेमाल कम करें, इसलिये कीमतों में वृद्धि की जा रही है ।

तो मान्यवर, वह जो तर्क हैं दोनों मंत्रालयों का, यह भी आम लोगों को, जनता को प्रभावित करने जा रहा है कि जो वृद्धि की गयी हैं, इसमें केवल इलाहाबाद से नई दिल्ली और नई दिल्ली से इलाहाबाद जो लोग यात्रा करेंगे, उनके किराये में केवल सोलह रुपये की वृद्धि हुई है । इलाहाबाद से नई दिल्ली तक का किराया अभी तक रु० 52 था और स्लीपर का सरचार्ज देना पड़ता था दस रुपये । इस प्रकार से रु० 62;—अब इसकी बजाय एक तरह केवल एक यात्री को रु० 70 देना पड़ेगा और दोनों तरफ एक यात्री के ऊपर सोलह रुपये अधिक भार पड़ेगा और इस प्रकार से 13 प्रतिशत की वृद्धि की गई है और मंत्री जी ने कहा यह कि है सारी वृद्धियों से 76 करोड़ का मुनाफा होगा रेल विभाग को ।

मैं यह नहीं जान सका कि जो दूसरे दर्जे में वृद्धि की गई है, इससे रेलवे विभाग को कितना मुनाफा होगा, लेकिन कम से कम फिर से मेरा अपील है इस वृद्धि को कृपया वापिस लेने की कृपा करें ।

सन् 1980 से 1986 तक के आंकड़े अगर जोड़े जाएं तो केवल द्वितीय दर्जे, चाहे साधारण गाड़ी का या मेल या एक्सप्रेस ट्रेन का, तो आज तक, मान्यवर, सरकार 75 प्रतिशत की किराये में वृद्धि कर चुकी है और इस बात का जो मंत्री जी का उत्तर

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

बराबर लोक सभा में और राज्य सभा में, उनके आंकड़े के लिये मैंने उपलब्ध किया है ।

दूसरा और, मान्यवर, जो रेल यात्रियों को चलने की जो न्यूनतम आवश्यकतायें हैं यह आवश्यकता चाहे रेल में बैठ कर सफर करने की है, या पानी पीने की हो, रेल में पंखों की हो, या रेलवे प्लेटफार्म पर ठहरने की व्यवस्था है, उन व्यवस्थाओं के लिये आज तक कोई अच्छे कदम रेल यात्रा के लिये नहीं उठाये गये हैं ।

आज भी रेलगाड़ियों में हालत यह है कि जानवर की तरह डिब्बे में आदमी ठूंस करके जाते हैं । आदमी पैसा खर्च करता है, टिकट लेता है, लेकिन उसके बाद भी उसको बैठने की सुविधा ट्रेन में नहीं मिलती है ।

इसके अतिरिक्त रेल विभाग में जो बिना टिकट यात्रा है, यह भी कहना चाहिए कि यह एक बहुत बड़ा अभिशाप है । पिछले सप्ताह ही राज्य मंत्री जी ने एक प्रश्न के उत्तर में लोक सभा में स्वीकार किया कि 1982-83 में जो सर्वेक्षण करवाया गया बिना टिकट यात्रा के सिलसिले में, रेल विभाग को जो घाटा होता है, तो 1982-83 में 21 करोड़ का प्राक्कलन किया गया कि 21 करोड़ का घाटा रेल विभाग में केवल एक वर्ष में बिना टिकट यात्री चलने के कारण हुआ है । तो यह जो लोग बिना टिकट रेल में यात्रा करते हैं, यह यात्री बिना कर्मचारियों की सांठगांठ के या कर्मचारियों की जानकारी के बगैर नहीं करते हैं । इसलिए इस मामले में रेल विभाग को और रेल मंत्रालय को भी बहुत कठोर कदम उठाने चाहिएं कि कम से कम इस प्रकार से जो रेल विभाग की हानि होती है, यह न होने पाये ।

तीसरी बात, मान्यवर, इस वक्त जो दुर्घटनाओं का मामला है, जो रेलवे क्रासिंग हैं, लैवल क्रासिंग रेल विभाग के 37,833 हैं और ऐसे क्रासिंग जहां पर कोई कर्मचारी नहीं है 22519 हैं और जहां पर कर्मचारी हैं, 15,314 । आंकड़ों के हिसाब से 1984-85 में मान्यवर, दुर्घटनाओं में कुल 194 लोगों की मृत्यु हुई, लेकिन इन दुर्घटनाओं में जिन लोगों की मृत्यु होती है और वर्तमान में . . .

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) : अब तो मेले में गाड़ी घुसने लग गई है ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : हां केरल में । इन दुर्घटनाओं में जिन लोगों की मृत्यु हो जाती है, तो वर्तमान में जो रेलवे का कानून है, एक्ट है, उसके अन्तर्गत इनको कोई भी मुआवजा नहीं मिलता है । अभी मंत्री जी ने इस बात को स्वीकार किया है कुछ दिनों पहले कि रेल नियमों में व्यापक संशोधन किया जा रहा है ।

इसलिए मेरा अनुरोध है कि लैवल क्रासिंग की दुर्घटना में भी जो लोग मौत के शिकार हों, उनको भी मुआवजा मिलना चाहिए और इस दृष्टि से रेल नियमों में या जो कम्पेनसेशन का नियम है, उनमें भी परिवर्तन किया जाना चाहिए ।

मान्यवर, वर्तमान बजट में आने वाले जमाने में पूर्वी उत्तर प्रदेश, सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में एक किलोमीटर भी नई लाईन बिछाने का कोई भी प्रावधान नहीं है जैसा कि सभी को विदित है कि चाहे उत्तर प्रदेश हो, या बिहार, यह सब से ही पिछड़े हुए इलाके हैं । और पूर्वी उत्तर प्रदेश में तो विशेष करके रेल की लाइनों के जाल को बिछाना चाहिए । भटनी-वाराणसी एक छोटी लाइन है । इसको बड़ी लाइन में बदलने का काम बहुत दिनों से हो रहा है । इसकी लागत 53 करोड़ 57 लाख आंकी है । 1985-86 में इसमें 11 करोड़ 66 लाख का खर्चा हुआ, लेकिन अगले आने वाले वर्ष 1986-87 में केवल एक करोड़ का प्रावधान किया गया है । इस तरीके से मान्यवर, अगर यह प्रावधान किया जाएगा तो आगे आने वाले वर्ष में भी भटनी और वाराणसी छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदला नहीं जा सकेगा । इसलिए रेल विभाग से मेरा अनुरोध है कि इस सिलसिले में तेजी

काम कराया जाए । इसी प्रकार से इलाहाबाद से वाराणसी की छोटी लाइन है । इसका पहले भी सर्वेक्षण कराया गया था और विभाग का यह कहना है कि आर्थिक दृष्टि से यह लाभदायक नहीं होगा । मेरा अनुरोध है कि इस लाइन का पुनः सर्वेक्षण कराया जाए और जल्दी ही इलाहाबाद से वाराणसी और वाराणसी से भटनी की जो छोटी लाइनें हैं इनको बड़ी लाइनों में परिवर्तित किया जाए । इसी प्रकार मेरा एक सुझाव है कि वाराणसी से ले करके दिल्ली तक आने के लिए कोई ऐसी गाड़ी नहीं है जिसमें कम से कम 17 घंटे न लगते हों । मैंने सुझाव दिया है, एक मगध एक्सप्रैस गाड़ी है जो दिल्ली से जाती है । अगर इसका डाइवर्शन दिल्ली से इलाहाबाद और इलाहाबाद से मिर्जापुर की बजाय बनारस होते हुए मुगलसराय कर दिया जाए तो कहीं कोई ठहराव खत्म नहीं होगा और 12–13 घंटे में कोई भी व्यक्ति दिल्ली से बनारस पहुंच सकेगा । एक गाड़ी है सरयू एक्सप्रैस 425–426, काफी दिनों से मांग चली आ रही है कि यह गाड़ी इलाहाबाद से फैजाबाद और फैजाबाद से इलाहबाद चलाई जाती है पहले पैसेंजर गाड़ी चलती थी । दोनों गाड़ियों को समाप्त करके एक तेज गाड़ी चलाई गई है । एक मांग यह की जा रही है कि इस गाड़ी को फैजाबाद से आगे अयोध्या तक चलाया जाय । फैजाबाद से अयोध्या की दूरी केवल 5–6 किलोमीटर की है । मेरा अनुरोध है कि फैजाबाद की बजाय अयोध्या से इस गाड़ी को चलाया जाये और इलाहाबाद के बीच में जहां यह इतना पहले गाड़ी रुका करती थी सेवदूत स्टेशन पर उस सेवदूत स्टेशन पर भी इसके ठहराव की व्यवस्था की जाये । इसी प्रकार, से मान्यवर मेरी मांग है कि इलाहाबाद कृष्णा नगर चौखंडी में एक रेलवे बुकिंग कार्यालय खोला जाये । इलाहाबाद एक सांस्कृतिक केन्द्र है, राजनीतिक नगरी भी है और वहां पर तीर्थ यात्री भी जाते हैं, पर्यटक लोग भी जाते हैं, गंगा किनारे, यमुना किनारे और एक छिपी हुई नदी है सरस्वती । उसी के पास मान्यवर, हर वर्ष माघ मेला होता है, अर्द्ध कुम्भ मेला होता है और हर 12 वर्ष बाद कुंभ का मेला होता है, लेकिन जो यात्री और पर्यटक वहां पर जाते हैं उनको बहुत परेशानी होती है । काफी दिनों से लोगों की मांग चली आ रही है कि उपरोक्त बस्ती के आस पास रेलवे बुकिंग कार्यालय खोला जाये । मेरा अनुरोध है कि इस पर सहानुभूतिपूर्वक मंत्री जी विचार करें और घोषणा करें कि वहां पर यह कार्यालय खोला जाये । इसी प्रकार से एक मान्यवर, पूर्वी उत्तर प्रदेश का इलाका है और बिहार का छतौनी में गंडक नदी पर रेल पुल के निर्माण का काम छतौनी बगाहा रेल लाइन केवल 28.4 किलोमीटर का है । यह एक अनुमोदित कार्य है । यही पर 1972 में एक रेल पुल बनने के सिलसिले में तत्कालीन प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उनका उद्घाटन किया था । 14 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन यह काम वहीं पर पड़ा हुआ है । मेरा अनुरोध है कि अनेक माननीय सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये इस मांग को दोहराया है कि इस रेल पुल के निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा किया जाय जिससे उत्तर प्रदेश और बिहार में जो लोग आते-जाते हैं उनकी दूरी भी कम हो सके और वहां का पिछड़ापन भी इससे दूर होगा ।

इसके अतिरिक्त मान्यवर, इसी प्रकार से कर्नाटक में बंगलौर से मैसूर तक छोटी लाइन है जो कि 135 किलोमीटर है और 1979 में इस काम को शुरू किया गया था । 7 साल पूरे हो चुके हैं और उसके अन्दर 135 किलोमीटर छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का काम पूरा नहीं किया जा सका है । मुझे आशा है कि मंत्री जी इस ओर ध्यान देंगे और जल्दी ही इस काम को पूरा करवाने की चेष्टा करेंगे। मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि जो रेलवे की जमीन है इस पर बहुत अनाधिकृत कब्जा हो जाता है । कभी कभी तो लोग मकान और दुकान भी बनवा लेते हैं और यह काम भी रेल विभाग की सांठगांठ से होता है । इसलिये इस ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है कि यह जो अनधिकृत निर्माण वाली रेलवे की जो जमीन है इसको छुड़ाये जाने का प्रयत्न किया जाय । इसके अतिरिक्त मान्यवर, अभी हाल में लगभग दो महीना हुआ,.... इस बात का प्रावधान किया गया कि 500 किलोमीटर तक का टिकिट जो लोग खरीद

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

लेते हैं और किसी कारण अपनी यात्रा को स्थगित करते हैं तो उनको टिकिट का पैसा वापस नहीं किया जाता । इस बात को मंत्री जी के ध्यान में लाया भी गया और इन नियमों में कुछ परिवर्तन भी किया गया है । लेकिन इन परिवर्तनों से आम आदमी को कष्ट है । तो मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि इस संबंध में विशेष ध्यान दें और कोई आदमी टिकिट खरीद लेता है और किसी कारण यात्रा को स्थगित करता है तो उसका पैसा उसी प्रकार से वापस होना चाहिये, जिस प्रकार से संबद्ध नियम तीन-चार महीने पहले था ।

मान्यवर, पहले दर्जे, दूसरे दर्जे के संबंध में मैं एक बात की ओर मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि ये लोग भी यात्री हैं, इनके लिये टिकिट का आपने बढ़ाया है, किसी ने आपका विरोध नहीं किया है बल्कि आम आदमी ने बाहर से स्वागत किया है। लेकिन कम से कम इस दर्जे में चलने वाले लोगों की सुविधाओं को भी आप ध्यान में रखें । इस सिलसिले में मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं "स्टेट्समैन" में प्रकाशित उस समाचार की ओर, जो उसी दिन छपा है 26 जनवरी को, यह मेरठ से नई दिल्ली शटल गाड़ी आती है, उसके संबंध में है, मैं इस ओर आपका ध्यान आकर्षित करके अपनी बात समाप्त करूंगा:—

"Railway Budget Day is a good occasion to look at the ways of the Railways. Here well, is the First class compartment of the Meerut—, New Delhi shuttle. It was after repeated demands from a great many passengers who use this train daily that this coach was introduced but it offers no upper class comfort at all even though certified fit far passenger travel.

यह तस्वीर मान्यवर, इसमें दी हुई है और उसका विवरण है :

"I he seats are torn; the foam padding has disintegrated: there are gaping holes in the ceiling. It takes a brave man to try and use the electric switches with 30 many exposed wires. The toilet shutter disappeared long ago and using the wash basin means wetting one's feet:—there is 110 outlet pipe. Will a state of affairs such as this exercise the mind of the Minister when he presents the Railway Budget on the 26th February 1986." (The State-man photograph by S. Ameja)

तो मान्यवर, यह जानकारी दी गयी है । यह केवल एक डिब्बे की, एक गाड़ी की नहीं है बल्कि आम तौर पर हर गाड़ी, हर डिब्बे के लिये है । इसलिये मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि यात्रियों की सुविधाओं का विशेष रूप से ख्याल रखें और अन्त में फिर यह निवेदन करते हुये कि कम से कम दूसरे दर्जे के किराये में जो आपने बढ़ोतरी की है मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों में और जो दूसरा आपने अधिभार में वृद्धि की है, इसको वापिस लेने की कोशिश करें, तभी आपके बजट का स्वागत होगा । धन्यवाद ।

श्री प्रबोध कुमार प्रजापति (मध्य प्रदेश) : श्रीमन, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे रेलवे बजट पर बोलने का अवसर दिया । मैं बजट का समर्थन करते हुये, कुछ बातों की ओर आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं ।

मान्यवर, जैसा कि सभी जानते हैं, रेलवे हमारी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है । हमारी इकोनोमी की बेक बोन है । देश में सबसे बड़ी सार्वजनिक उद्यम होने के साथ ही यह सच्चे अर्थों में राष्ट्र की लाइफ लाइन भी है । एक ओर जहां यह हमारे औद्योगिक विकास में सबसे ज्यादा सहायक है, वहीं यह पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधती है । हमारा देश विभिन्न धर्मों, विभिन्न भाषाओं और विभिन्न संस्कृतियों का देश है । इन भाषायी, धार्मिक और सांस्कृतिक विभिन्नताओं और विविधताओं को अगर कोई एक दूसरे के निकट लाती है तो वह है भारतीय रेलवे । तो इतनी महत्वपूर्ण भूमिका है रेलवे की हमारे आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में । जब कोई संस्था इतनी महत्वपूर्ण होती है तो उससे हमारी अपेक्षाएं भी बढ़ जाती है । इसमें कोई अस्वाभाविक बात नहीं है । लेकिन साथ ही हमें यह भी याद रखना होगा

कि रेलवे को एक साथ दो भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं– एक ओर तो उसे जनता की सेवा करनी होती है, किन्तु दूसरी ओर उसे एक कामर्शियल उद्योग के रूप में भी मजबूती से टिके रहना होता है क्योंकि तभी वह अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को सही ढंग से और समुचित रूप से पूरा कर सकती है। इसके लिये उसे पर्याप्त मात्रा में राजस्व या धन की व्यवस्था करनी पड़ती है ताकि रेलें पूरी क्षमता के साथ चल सकें, नई रेल-लाइनें बनाई जा सकें और पुरानी रेल-लाइनों का नवीकरण किया जा सके, साथ ही आधुनिकीकरण की दौड़ में भी उसे आगे बढ़ना है, जिससे जनता को बेहतर सुविधायें हो सकें ।

जहां तक रेलों के सामाजिक दायित्व का सवाल है, उसे आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई को उच्च प्राथमिकता देनी पड़ती है। खास तौर से आपातकालिक परिस्थितियों में जैसे बाढ़, सूखा और अन्य प्राकृतिक विपदाओं के समय । यह सब आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के लोगों को राहत पहुंचाने के लिये ही किया जाता है और ऐसी परिस्थितियों में उसकी वाणिज्यिक या कामर्शियल भूमिका गौण हो जाती है। तब लाभ कमाना उसका उद्देश्य नहीं रह जाता । इसलिये जब हम रेलवे के फाइनेन्सियल परफार्मेन्स की बात करते हैं तो यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम रेलवे के इस सामाजिक दायित्व को ध्यान में रखें ।

5 P. M.

बहुत सी ऐसी आवश्यक वस्तुएं हैं जिनका समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के जीवन से सीधा सम्बन्ध है । जाहिर है कि ऐसी वस्तुओं की ढुलाई में रेलवे को वाणिज्यिक दृष्टि से हानि होती है । 1984–85 में इन वस्तुओं की ढुलाई के कारण कुल 173.60 करोड़ रुपये की हानि हुई । इसी प्रकार कुछ ऐसी रेल लाइनें हैं जो अत-इकानामिक हैं । 1984–85 के दौरान ऐसी 149 ब्रांच लाइनों पर रेलवे को 67.40 करोड़ रुपये की हानि हुई । इन सब चीजों के बावजूद रेलवे का कार्य-निष्पादन पूरी तरह से सफल ही कहा जा सकता है । परिवहन मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में इस बात की आशा व्यक्त की है कि 1985–86 में रेलवे की कुल प्राप्तियां 188 करोड़ रुपये से भी अधिक हो जायेंगी । यह एक शुभ संकेत है । टैक्नालाजी में सुधार लाने और आरक्षण व्यवस्था में कम्प्यूटरों के उपयोग से रेलवे निश्चय ही आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रही है जिस पर हम सभी को गर्व का अनुभव होना चाहिये ।

रेल किरायों का कीमतों पर सीधा प्रभाव पड़ता है । हर्ष की बात है कि रेल मंत्री जी ने किसी भी चीज के परिवहन पर भाड़ा नहीं बढ़ाया। और दूसरा लाभ मुख्यतः दूरदराज रहने वाले कमजोर वर्गों को मिलेगा । साथ ही दूसरे दर्जे के सामान, यात्री भाड़े और मासिक सीजन टिकटों में भी कोई वृद्धि नहीं की गयी है । साथ ही युवाओं को विशेष छूट दी गयी है । यह स्वागत योग्य है । संसाधनों की कमी के बावजूद त्वरित विकास और आधुनिकीकरण की चुनौतियों को माननीय परिवहन मंत्री ने स्वीकार किया जिसके लिये वे बधाई के पात्र हैं ।

रेलवे के कार्य निष्पादन और उसकी सफलताओं पर अपने विचार प्रकट करने के बाद अब मैं कुछ बातें अपने क्षेत्र के सम्बन्ध में भी कहना चाहता हूं और आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे मेरे क्षेत्र की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके शीघ्र ही ऐसे कदम उठायें जिससे वहां की निर्धन और असहाय जनता राहत की सांस ले सके ।

मैं इस बात को कहना चाहूंगा कि रेलवे मंत्री महोदय हमारे रेल मंत्री, हमारे उनसे नजदीक के सम्बन्ध हैं, वे हमारे मध्य प्रदेश से हैं । पूर्व में जो भी इस विभाग के मंत्री रहे हैं उन्होंने हमारे प्रदेश की समस्याओं की ओर ज्यादा ध्यान नहीं दिया । मुझे विश्वास है कि मंत्री महोदय मध्य प्रदेश की रेलवे से सम्बन्धित समस्याओं को त्वरित गति से निबटायेंगे ।

मान्यवर, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वह पूरी तरह से आदिवासी क्षेत्र है । हमारा देश प्रगति की नयी-नयी ऊंचाइयों को छूने

[श्री प्रवीन कुमार प्रजापति]

लगा है लेकिन विकास और आधुनिकता का लाभ भोले-भाले आदिवासियों तक नहीं पहुंच पाया है और उसका मुख्य कारण वहां रेल परिवहन का न होना है । मान्यवर, मध्य प्रदेश का सरगुजा जिला अत्यधिक पिछड़ा हुआ आदिवासी क्षेत्र है । प्रकृति ने तो इस क्षेत्र को बहुत कुछ दिया है लेकिन मनुष्य ने कुछ नहीं दिया । यहां पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का दोहन यहां के लोगों के लाभ के लिये नहीं हो पाया है । इस क्षेत्र में कोयला, बाक्साइट और यहां तक कि यूरेनियम के भंडार भी हैं । लेकिन इस क्षेत्र में कोई इंडस्ट्री स्थापित नहीं हुई है । इंडस्ट्री के स्थापित होने के पीछे भी रेलवे की सुविधा का न होना ही है । मैं एक बात आपके माध्यम से मंत्री जी की जानकारी में लाना चाहूंगा कि सरगुजा जिले में ब्रिटिशर्स रेलवे लाइन ले जाना चाहते थे, उन्होंने सर्वेक्षण कराया, वे डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर अम्बिकापुर को जंक्शन के रूप में बनाना चाहते थे । इसे पश्चिम में वे कटनी से जोड़ना चाहते थे, पूर्व में बिहार से, दक्षिण में रायगढ़ से । इस तरह हमारे जिले का हेडक्वार्टर बहुत अच्छा जंक्शन होता जिससे वहां व्यापक प्रगति होती । माननीय मंत्री जी को विदित होगा कि विकास के लिये संचार की सुविधा बहुत ही आवश्यक है । न तो वहां रेलवे लाइन है और न संचार व्यवस्था है । ब्रिटिश पीरियड में बरवाडीह-करंजी लाइन डाली जा रही थी और बहुत हद तक काम हो चुका था । आजादी के तत्काल बाद इस रेलवे लाइन का डाला जाना बन्द हो गया । हमारे जिले के आदिवासी लोगों के मन में यह भ्रम है कि आजाद होने के कारण हमारे यहां रेलवे लाइन नहीं डाली जा सकी । उनका कहना है कि दस साल और आजादी न आती तो हमारे जिले में रेलवे लाइन आ जाती । तो मान्यवर, इस तरह का भ्रम हमारे आदिवासी लोगों के मन में है । कम से कम इस भ्रम से उनका उद्धार किया जाना चाहिये और सही दिशा में काम किया जाना चाहिए । मैं बार-बार इस बात को रेल मंत्री महोदय के सामने लाया हूं कि अम्बिकापुर से विश्रामपुर की दूरी केवल 24 किलोमीटर है जहां कि रेल हेड है । हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि हर डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर को रेल हेड से जोड़ दिया जायेगा । तो सरकार की कथनी और करनी एक होनी चाहिये । हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी देश को 21वीं शदी में ले जाना चाहते हैं । लेकिन हमारी परिस्थिति भीषण है । (व्यवधान) आप सारे हिंदुस्तान को 21वीं शदी में ले जाना चाहते हैं और उसके लिये तैयारी कर रहे हैं, मगर वहां हमारा इलाका तो आज दसवीं सदी में ही जी रहा है । हम देखते हैं कि सारा हिन्दुस्तान तो 21वीं सदी में चला जायेगा लेकिन उस समय हम 11वीं सदी में ही पहुंच पायेंगे । विकास के दृष्टिकोण से देखा जाय तो जो पंचवर्षीय योजनायें बनती हैं उनके द्वारा जिन क्षेत्रों को अधिक विकास की आवश्यकता है उनका विकास पहले किया जाना चाहिये । हमको दिल्ली आने के लिये केवल दो गाड़िया मिलती है एक कलिंग और दूसरी है उत्कल एक्सप्रेस । उत्कल एक्सप्रेस में सप्ताह में केवल चार दिन ही बोगी लगती है और बाकी दिनों में कोई बोगी नहीं लगती । आप से दूसरी ट्रेन में बोगी लगाने की प्रार्थना की गयी थी लेकिन जवाब आया कि कोचेज की कमी की वजह से कलिंग एक्सप्रेस में विश्रामपुर से बोगी नहीं लगायी जा सकती । इसकी कोई उचित व्यवस्था होनी चाहिये । दूसरी बात हटिया-चंडीगढ़ जो गाड़ी चलती है उसको कालका तक बढ़ा दिया जाना चाहिये । इस गाड़ी की बहुत मांग की जा रही है जिससे मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को कलकत्ता आने जाने के लिये एक साधन सुलभ हो जाय । इससे वहां के लोगों को कलकत्ता के लिए सीधी रेल सेवा प्राप्त हो सकती है । तो इस को चंडीगढ़ से हावड़ा तक बढ़ा दिया जाना चाहिए । यह बहुत आवश्यक है । मैं बार-बार इस बात को कहता रहा हूं । कम से कम इस बार मंत्री जी इस 24 किलोमीटर की लाइन को इस सातवीं पंचवर्षीय योजना में अवश्य सम्मिलित करें और विश्रामपुर से अंबिकापुर को एक रेल लाइन से जोड़ा जाए । धन्यवाद ।

श्री घनश्याम सिंह (उत्तर प्रदेश) : वाइस चेयरमैन महोदय आप ने रेलवे बजट पर अपनी बात कहने के लिए मुझे अवसर दिया इसके लिए मैं आप का बहुत-बहुत आभारी हूं । हम सब जानते हैं कि भार

रेल एशिया का सब से बड़ा सार्वजनिक उपक्रम है और हमारे यहां करीब 16, 17 लाख कर्मचारी इस में काम करते हैं । साथ ही यह बात भी बड़े गर्व के साथ कहनी पड़ती है कि देश में माल ढोने के लिए अथवा आवागमन के लिए इससे सस्ता और सुलभ और आरामदायक दूसरा साधन नहीं है । माननीय रेल मंत्री जी ने जो इस वर्ष बजट पेश किया उस में विशेष रूप से गरीब वर्ग का ध्यान रखा और यह बात सही है कि इस में ज्यादातर रेल के यात्रियों का या माल ले जाने वालों का आप ने कोई भार नहीं बढ़ाया और इसका जनता ने स्वागत किया है। भले ही कुछ लोग इस का स्वागत न करें लेकिन इतनी बात सही है कि विरोध दल के लोगों को विशेष कुछ बात कहने के लिए नहीं मिली है। ऐसा बजट आप ने पेश किया है और इसके लिए मैं आप को धन्यवाद देना चाहता हूं और आपको बधाई देना चाहता हूं ।

आप ने जो किराया बढ़ाया है वह ऐसे वर्ग पर बढ़ाया है कि जिसे बढ़ाये बिना भी काम नहीं चलता था । हमारा जैसा भारत, जो विकासशील देश है उस के विकास की दृष्टि से ऐसा बढ़ावा करना अस्वाभाविक नहीं है। यह अपनी जगह पर उचित ही है और मैं समझता हूं कि इस से कोई तकलीफ उन लोगों को भी नहीं हुई है जिनके लिए आप ने यह भार बढ़ाया है।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : इसके चलते सोना भी कष्टकर हो गया है ।

श्री घनश्याम सिंह : मान्यवर, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आप ने गत वर्ष में रेलवे में जो तरक्की की है—मैं बहुत बड़े आंकड़ों में तो नहीं जाना चाहूंगा, साधारण व्यक्ति हूं, गांव का रहने वाला हूं, लेकिन मैं ने देखा है कि आप ने खान-पान में निश्चित रूप से अच्छी व्यवस्था की है। एल्युमिनियम टिन फायल्स में जो आप ने पैकेट खाना लोगों को दिया है वह स्वास्थ्यकारक भी है और सफाईवाला भी है और मैं समझता हूं कि जनता ने उस को पसंद किया है। मेरा आपसे अनुरोध है कि कृपया इसक व्यवस्था को सीमित ट्रेनों तक ही न करके बढ़ाने की कृपा करें तो ज्यादा अच्छा होगा ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : गांव वालों के लिए यह कैसे लाभदायक होगा ?... **(व्यवधान)**

श्री घनश्याम सिंह : आपका माप-दण्ड दूसरा है, मेरा दूसरा हो सकता है ।

श्रीमन्, आपने रेलों में आरक्षण के विषय में जो कदम उठाए हैं वे स्वागत योग्य हैं । रेलों में आरक्षण के विषय में हमेशा शिकायत की जाती थी और यह बात भी सही है कि रेलों की बदनामी जनमानस में आरक्षण के तरीके को लेकर और उसमें व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर थी। आपने कंप्यूटर द्वारा रिजर्वेशन की जो प्रक्रिया दिल्ली स्टेशन पर आरंभ की है, उससे जो परिणाम सामने आए हैं उससे लोगों ने राहत की सांस ली है। मैं चाहूंगा कि धीरे-धीरे सभी स्टेशनों पर इसकी व्यवस्था आप लागू करें तो जो कोढ़ समझा जाता था रेलवे में और जिससे रेलवे की छवि जनमानस में खराब थी वह अच्छी बन सकेगी, मेरा ऐसा विश्वास है ।

आपने रेलों के टिकटों की धन वापसी करने का जो सुगम तरीका अपनाया है, इससे जनता में राहत मिली है क्योंकि इसकी मांग काफी समय से थी ।

बहरहाल आज से दो साल पहले ट्रेनों के देरी से चलने की शिकायतें आपसे हम सदैव किया करते थे। लेकिन यह बात अपने आप में सत्य है कि पिछले एक वर्ष आपने अपने तरीके से उस व्यवस्था को सुधारने में जो प्रयत्न किया है, उससे जो दो साल पहले की स्थिति थी वह आज नहीं है यद्यपि कुछ सेवाओं में अभी भी सुधार नहीं हो पाया है और मुझे यादव जी से कहना पड़ता है जो बिहार से आते हैं, कि जो ट्रेनें बिहार से आती हैं, उनमें जरूर कुछ लोग ऐसे

[श्री घनश्याम सिंह]

है जो गड़बड़ करते हैं और वे समय से नहीं आ पाते हैं । इसका मुझे अनुभव है क्योंकि मैं भी उत्तर रेलवे में चलता हूं और भटिंडा से आता रहता हूं । मैं तो कहूंगा कि आप ऐसा कानून बनायें कि जो लोग रेलवे को रोकते हैं उनके खिलाफ सख्ती से कार्यवाही जब तक आप नहीं करेंगे तब तक ये देरी से ट्रेनों के चलने की शिकायत दूर नहीं हो सकेगी । जंजीर खींचने पर, या बिना टिकट चलने पर जो जुर्माने की सजा आपने बढ़ाई है, रकम जुर्माने की बढ़ाई है उससे वंचित असर तो पड़ा है, लेकिन इसमें और अधिक सख्ती करना पड़ेगी । रेलों को सही ढंग से चलाने के लिए आपको यह सख्ती करनी पड़ेगी या कठोर कदम उठाना पड़ेगा यद्यपि सब लोग जानते हैं कि गत वर्ष में रेलवे के संचालन में सुधार हुआ है ।

यह भी सही है कि कोच बढ़ाने के लिए जब कहा जाता है तो आपके पास सदैव कोचों की समस्या रहती, कोच पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होते थे । आपने कपूरथला में कोच कारखाना स्थापित ही नहीं किया है, वरन् यह भी चैलेंज स्वीकार किया है कि इसको आप दो वर्ष के अंदर चालू कर देंगे । इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है, उससे निश्चित रूप से रेलों के चलने में सुधार आएगा और रेल यात्रियों को सुविधा देने में आप सक्षम हो सकेंगे ।

गत वर्ष आपका रेल का बजट 1650 करोड़ का था । मैं तो आपकी और आपके परिवहन मंत्री श्री बंसीलाल जी की तारीफ ही करना चाहूंगा कि उन्होंने कम से कम रेलों की समस्या के बारे में माननीय प्रधान मंत्री जी के दिमाग में किसी तरीके से यह बात पेश की और उन्होंने बात सब में ही 400 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान करने के लिए योजना बनाई और इससे यह दिखाई पड़ता है कि हमारा माननीय प्रधान मंत्री जी आप की रेल की समस्या से जागरुक हैं और आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ध्यान दे रहे हैं । इसके लिए मैं उनको बधाई देना चाहता हूं ।

आपने 1984–85 के मुकाबले में 1985–86 के वर्ष में बिना डिब्बों के अतिरिक्त क्षमता प्राप्त की है और आपने जो अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त किया है, यह वास्तव में तारीफ के काबिल है । इसके लिए जितनी भी तारीफ रेल कर्मचारियों और अधिकारियों की की जाए, वह थोड़ी है क्योंकि मैं समझता हूं कि सीमित साधनों के होते हुए भी आपने रेलवे के साधनों और उसकी आय को बढ़ाने के लिए कदम उठाया है जो कि प्रशंसनीय है । अब मैं थोड़ा सा 86–87 वर्ष के लिए जो कदम उठाये हैं उनके बारे में कहना चाहता हूं ।

आपने उन कर्मचारियों के लिए जो बेचारे सर्दी, गर्मी, बरसात की परवाह किए बिना हमेशा रेल की सेवा करते हैं उनके लिए आपने भवन निर्माण के लिए पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा धन उपलब्ध कराया, उसके लिए आपने 13 करोड़ की बजाए 25 करोड़ के धन का आवंटन कराया है इससे यह प्रतीत होता है कि आप उन कर्मचारियों के प्रति कितने सचेत हैं आप उनकी सुविधाओं का कितना ख्याल रखते हैं । इसलिए उनकी सुविधा के लिए आपने 9 करोड़ की बजाय 17 करोड़ का प्रावधान किया है । यह कर्मचारियों के प्रति स्नेह का परिचायक है और आप उनकी तकलीफों का ध्यान रखते हैं ऐसा हम को प्रतीत होता है ।

मैं समझता हूं जो मजदूर तबका है, जो रोजाना दूर-दराज से आता है शहर में रहने के लिए एफोर्ड नहीं कर सकता, उनके लिए किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं की । क्या हम इसके लिए आपकी तारीफ न करें ? मेरे विरोधी पक्ष के भाई बहुत सी बातें कहते हैं लेकिन मैं उनसे कहता हूं कि जब तारीफ के काबिल बात हो तो तारीफ की जानी चाहिए । जो मजदूर वर्ग के लिए, कमजोर वर्ग के लिए सहायता दी है उसके लिए उनकी तारीफ

हम सब को मिलजुल कर करनी चाहिए। जो कमियां हैं उनकी तरफ मैं आखिर में आऊंगा। मांगें तो इतनी हैं कि वे कभी पूरी नहीं होंगी। जितनी हमारी मांगें हैं, संसद सदस्यों ने सामने रखी हैं यदि आप उनको पूरा करना चाहेंगे तो 21वीं सदी में जिसमें हम जाना चाहते हैं, उसमें भी पूरी नहीं हो पायेंगी। मानव की आकांक्षाएं बढ़ती जाती हैं। ज्यों-ज्यों सुधार करते जायेंगे, मांगें मानते जायेंगे हमारी आकांक्षाएं बढ़ती जायेंगी। (समय की घंटी) थोड़ा समय और चाहूंगा।

आपने रेलवे में जो बगैर अतिरिक्त व्यय किये कुशलता बढ़ा कर सहूलियतें दी हैं उसकी तारीफ करनी ही चाहिए। रेलें समय पर चलने लगी हैं इसके लिए भी आपकी तारीफ करता हूं। (**व्यवधान**) आपने जो रेल लाइन के बदलाव के लिए और डबल लाइन बनाने के लिए गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष जो अधिक धन उपलब्ध कराया है उसको मैं हृदय से प्रशंसा करता हूं।

आपने जो सातवीं पंचवर्षीय योजना में धन का लक्ष्य रखा है निस्सन्देह वह बढ़ा कर रखा है आपने उसमें जो रेलवे की बचत से धन लगाने का प्रावधान किया है वह निस्सन्देह रेलवे में काम करने वाले लोगों में एक आत्म सम्मान पैदा करेगा। यह दिखाई पड़ता है कि आप रेलवे को अगले वर्षों में सही लाइन पर लाना चाहते हैं। मैं चाहूंगा कि यदि इसको पूरा करने के लिए आपको धन की आवश्यकता पड़े तो चाहे आप जनता से धन प्राप्त करें लेकिन सुविधा देने के लिए आपको कदम उठाने चाहिए।

बहुत से लोग बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। मैं जहां से आता हूं वहां की बहुत छोटी-छोटी बातें कहूंगा और मैं समझता हूं उन्हें पूरा करने में आपको कोई कठिनाई न होगी। ई एम यू, सबरबन ट्रेन जो दिल्ली में चलती है उनकी उपयोगिता दिल्ली में सफल नहीं हो रही है। मैं अनुरोध करूंगा कि उन ट्रेनों को आप उत्तर प्रदेश में खासतौर से मेरठ तक, अलीगढ़ तक, आगरा तक बढ़ा दें ताकि जो दैनिक यात्री दिल्ली तक आते हैं उनको इससे काफी सुविधा मिलेगी।

अलीगढ़ स्टेशन पर रेल लाइनों के बीच में आपके स्लीपर और कंक्रीट पड़ा हुआ है। आप कम से कम सीमेंटेड प्लेटफार्म वहां बना दें तो इससे सफाई की व्यवस्था अच्छी रहेगी। (समय की घंटी) दो मिनट और लूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) : कृपया एक मिनट में कम्पलीट करिये।

श्री घनश्याम सिंह : मैं कोशिश करूंगा अलीगढ़ लाइन ऐसी ब्रांच लाइन है कि अगर आप देखें तो 37 वर्षों में वहां पर कुछ नहीं हुआ। गति तेज करने की दिशा में, गाड़ियों को तेज बनाने की दिशा में कोई तरक्की नहीं हुई। मैं चाहूंगा कि अगर आप एक निगाह वहां डाल लें तो अपने-आप तरक्की हो जायेगी।

एक बात और कहना चाहता हूं कि जी टी रोड पर, दिल्ली रोड पर अलीगढ़ और जनपद के ऊपर एक आवरहैड ब्रिज बन रहा है। पी. डब्लयू० डी ने दोनों तरफ अप्रोच रोड बना दी है लेकिन रेलवे वालों ने उस काम को ठीक से पूरा नहीं किया जिससे वह काम अधूरा पड़ा हुआ है मैं चाहूंगा कि आप इसको जल्दी से जल्दी पूरा करवायें।

एक ट्रेन है एक्सप्रेस ट्रेन उसके ठहराव के लिए हमने आपसे अनुरोध किया था। हमारी बात सुन कर आपने बड़ी कृपा की। इसका ठहराव दे दिया। लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि अभी आरक्षण का कोटा निश्चित नहीं किया है। कृपया इसे कर दें। दूसरे एक तरफ जाने के लिए तो ठहराव दिया है लेकिन मैं आपसे कहूंगा कि वापसी के लिए भी आप ठहराव दें तो जनता की परेशानी दूर हो जायेगी। (**व्यवधान**) रेलवे स्टेशन के सामने दोनों तरफ रेलवे की कालोनी है। एक तरफ स्टेशन है और दूसरी तरफ कालोनी है। वहां ट्रैफिक बहुत ज्यादा रहता है। कंजेशन हो जाता है वहां पर।

[श्री घनश्याम सिंह]

मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि वहां पर जो सड़क है उसको चौड़ा करने के लिए आदेश दे दें तो ज्यादा अच्छा रहेगा। चूंकि वाइस-चेयरमैन जी ने दो-तीन बार घंटी बजा दी है इसलिए मैं एक दो बातें और कह कर अपना भाषण समाप्त कर दूंगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि आपने एक्सप्रेस गाड़ियों और बड़ी गाड़ियों में यात्रियों को बहुत-सी सुविधाएं दी हैं। यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन मैं चाहता हूं कि आपकी निगाह रेलवे की जो छोटी-छोटी ट्रेन्स हैं, जो कम दूरी की ट्रेन्स हैं, उनकी तरफ आपकी निगाह जानी चाहिए। मैं चाहता हूं कि उनमें भी आप वही सुविधाएं उपलब्ध करायें जो सुविधाएं आप बड़ी गाड़ियों में देते हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि आपने बड़ी-बड़ी ट्रेन्स का दौरा किया है। मैं चाहता हूं कि आप छोटी ट्रेन्स का भी दौरा कीजिये और उनमें पैसेंजर को दी जाने वाली सुविधायें भी देखिए। इसलिए मैं यह बात कहना चाहता हूं कि आप छोटी ट्रेन्स में भी अच्छी सुविधाएं देने के बारे में सोचें।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि माननीय ललित नारायण मिश्र जी ने घोषणा की थी कि रेलवेज में जो कंट्रक्टर्स काम करते हैं, जैसे बुक-स्टाल हैं, उनका काम प्राइवेट कम्पनियों को दिया हुआ है, उसको समाप्त किया जाएगा। अभी यह स्थिति है कि इन पर सिर्फ दो प्राइवेट कम्पनियों की मोनोपोली है। उन्होंने घोषणा की थी कि उसमें बेरोजगार स्नातकों को काम दिया जाएगा। लेकिन आज 14 वर्षों के बाद भी इस दिशा में कोई काम नहीं किया गया है। इसलिए मैं चाहता हूं कि इस तरफ भी आप ध्यान दें।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे विरोधी भाई कहते हैं कि रेलवे में कुछ नहीं हुआ है, रेलों की व्यवस्था ठीक नहीं है। रेलवे के पास ट्रेक्स को बदलने के लिए पैसा नहीं है। लेकिन मैं इसको ईश्वर की कृपा समझता हूं कि हमारे परिवहन मंत्री श्री बंसीलाल जी और श्री माधवराव सिंधिया जी की सूझबूझ और हमारे अधिकारियों, कर्मचारियों की कुशलता से भारत की रेलों का काम बहुत अच्छा चल रहा है, जनता उसका स्वागत करती है। इन शब्दों के साथ मैं इस रेलवे बजट का समर्थन करता हूं।

SHRI R. RAMAKRISHNAN (Tamil Nadu); Mr. Vice-Chairman, I begin by first congratulating my good friend, the efficient administrator, Transport Minister, Shri Bansi Lai. who is not here, and his young and equally dynamic colleague, Shri Madhavrao Scindia, who is Minister of Stat© in the Department of Railways-, for having presented to the Mouse and to the country one of the softest Railway budgets in recent times. Sir, my joy is all the more not only because the budget —• though it has been termed as maintenance budget — is practi- cal and it has not added to the already fuelling inflation in the country but also because the manner in which my good friend, Mr. Scindia, has taken to the Department like, a fish to water. Anyway, Sir, since he is having rather a tired look on his face having heard I think more than 101 speakers in the other House' and. perhaps, half of them in this House, I will pet down to brass-slacks.

The Indian Railways which is the second largest undertaking of its kind in the world is a unique organisation and the country's future economic progress depends on the infrastructure it | has by means of transport of which the Railways forms almost the major part. And in a counrty as wide and diverse as India, the Railways with its vast mileage should definitely not only enlarge, main-lain but improve in every manner On the present infrastructure it has. And it is therefore, not surprising that the Railways asked for an ambitious 18,500 crores of rupees in the Seventh Five Year Plan; but it is a matter of regret that despite the suave and persuasive way of •]• Mr. Scindia and his colleagues. the Finance Minister or the Planning Com-ion have not found it better than giving R^. 12,334 crores only in the Seventh Plan, which is almost cutting it down by 33 per cent. Naturally, if v Member in the other House and this House demands new lines, conversion and things like that, it will not be possible for the Minister to oblige them; but

11 the same time it cannot be denied that certain essential things like track renewal, certain essential on-going schemes which have already been announced, will not only progress but progress at a last pace, and not at the leasurely pace as some other projects which are being worked out. More than twenty thousand kilometres — 19,500 by Minister's own admission— of overaged track is there and it is good that they have set a plan of ten years before which they will complete this renewal, if everything goes on time.

Sir, one of the most imporlani things about the railways is the safety aspect, if you do not have proper lulling sloe[1]-:, pro per maintenance of the existing wagons and the coaches and proper main tenance of tracks, apart from the tig-ailing equipment T do not think, it will therefore, surprising that the Budget speaks raising of only Rs. 250 crores by way of finance from the public. In fact, Sir, on an earlier occasion. T had sug gested in this House to the then Railway Minister as well as the then Finance Minister, that one of the methods by which the black money in this country can be tapped, is by giving some sort of impunity if the people come forward to invest it in what are called railway bonds, where no question should be asked. Thereby, the black money, at some sort of premium, whatever be the tax premium bronchi into the econo my and applied usefully to a major sec tor of the , country's . economy. which could take on its march towards the Twenty-first Century. T would. there-once again request the hon. Minis ter of State for Railways to consider this proposal very actively and even though this year's General Budget is over- ^e Id consider it at least in the next year's Budget.

Sir. T am happy that the freight target. Hitch has been reasonably envisaged at about 250 million tonnes, has been achieved . But at the same time,—the fact that the freight rates have not been hiked may be a matter of some joy at present-I would draw the attention of Minister to the report of the Railway Reforms Committee, wherein, they have suggested that there should be a long-term policy as far as the increase in freight rates and passenger fares is concerned. Therefore, though we might have escaped, with no hike in the freight rates this time. T would very much request the hon. Minister to have some sort of a long-term hike policy in regard to freight and passenger fares, just as a long-term fiscal policy has been enunciated by the Finance Minister in regard U" general taxation. This is a matter which I would place before him for his const deration.

अभिवादन करूंगा और कहना चाहूंगा कि ऐसे मंत्री शायद बहुत कम सदन में होते है जिनको सब ओर से प्रशंसा मिलती हो । लेकिन उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर बार-बार मिठाई खाई जाये तो मीठे का स्वाद भी ठीक नहीं बैठता है। इसलिये विरोधी अगर उपहारस्वरूप कुछ बात न कहे तो शायद उससे प्रजातंत्र की मर्यादा का भी थोड़ा उल्लंघन हो जाता है । महोदय, पहली बात तो यह है कि अब रेल गाड़ियों में रात कष्टदायक हो गई है और वह इसलिये कि रात के चार्जेज ज्यादा हो गये । कम से कम आदमी चाहे जिस तरह का हो रेल में जाकर आराम से सोता था लेकिन अब उस को लगता है कि सब इसके लिये उसको अधिक पैसा देना पड़ रहा है । दूसरा, हमारे कई मित्रों ने खाने की बड़ी प्रशंसा की । मुझे प्रशंसा से ऐतराज नहीं । लेकिन जब उन्होंने इसके बारे में गांव शब्द जोड़ा तो मुझे एतराज हुआ । भले ही सुपर क्लास वाले आदमियों को भोजन का पता न हो । मैं गांव का नहीं बल्कि गंगा किनारे के नजदीक का रहने वाला हूं । बिहार का मिथिला उसमें प्रसिद्ध । हमारे भारद्वाज भी इससे अवगत होंगे । टिन की प्लेट में जो भोजन मिलता है उससे उसकी एक चौथाई भूख भी किसी कीमत पर नहीं मिटती और उस जले पर नमक यह कि दो रुपये चार्ज और अधिक हो गया है । यह सुपर फास्ट के लिए ठीक हो सकता है, वहां मैं जितनों से मिलता हूं, पूछता हूं, जो सुपर फास्ट में आते हैं, जैसे आर० रामकृष्णन जी, उस क्लास के लोगों के लिये यह ठीक है । लेकिन उस प्लेट को कौन खा सकता है । लेकिन सेंकड क्लास में इस प्लेट को कौन पसंद करेगा ? और वे प्लेटफार्म का भोजन न लें तो केवल इस खाने से उनका काम नहीं चल सकता है और मेरे जैसा डाइबिटिक और हार्ट पेशेन्ट जो है वह भी इस खाने को नहीं खा सकता है । इसलिये . . .

श्री सीताराम केसरी : आप शरीर से नहीं लगते है ।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : शरीर से तो मैं डाक्टर को भी धोखा दे सकता हूं । अगर मैं किसी डाक्टर के पास अनायास चला जाऊं तो वह कहेगा कि यदि आप भी बीमार हो तो फिर ठीक कौन है ? लेकिन सवाल यह है कि जब मैंने डाक्टर का अधिकार लिया तो सब एक्सपेरीमेंट मैंने अपने ऊपर कर लिया । विभाग भी हमने वही लिया था । विभाग मिलने के कारण मैंने सब एक्सपेरीमेंट अपने ऊपर कर लियें । इसलिये मैं जरूर कहूंगा कि इस प्लेट पर भी दो दृष्टिकोण से देखें । सुपरफाइन के लिए ठीक है गर्म मिल जाता है, लिमिटेड क्वांटिटी भी उनके लिए काफी है । लेकिन दूसरी श्रेणी के लिए यह कभी पर्याप्त नहीं हो सकता है । इसकी एक तो कीमत ज्यादा है और दूसरे क्वांलिटी भी कम है । इसलिए इस पर अगर विचार नहीं करेंगे तो भारत इतना बड़ा देश है और लम्बी यात्रा भी गरीब ही करता है। बहुत से लोग देश में तीर्थाटन करते हैं । जितने सुपरफाइन लोग थे उन्होंने कहा कि शावर लगा होना चाहिए । वे इसके लिए ज्यादा पैसा दे दे सकते हैं । मैं जानता हूं कई गाड़ियों में शावर लगा हुआ है वे लोग अधिक पैसा देकर के भी स्नान करते हैं और पैसा उनके लिए कोई महत्व नहीं रखता है । मिडल क्लास के जो आदमी यात्रा करने वाले हैं तीर्थ पर स्नान जरूरी है उनको अगर स्नान का पैसा लगा देंगे तो मैं नहीं समझता कि उससे अधिक दूसरा कोई पाप वे समझेंगे । यह तो उनके ऊपर एक प्रकार से जजिया टैक्स लग जायेगा, इसलिए कुछ ऐसी बातों पर आप जरूर विचार करें । (समय की घंटी) श्रीमन सात बजे के बाद भी घंटी बजाएंगे तो मैं लिख कर के देने के लिए भी तैयार हूं । मैं एक बात आपसे कहना चाहता हूं कुछ सवाल उठाये गए राजभाषा हिन्दी पर । मैं अपनी बात कहने से पहले उसका जवाब जरूर देना चाहता हूं । भारतीय रेल जो है वास्तव में राष्ट्र की धमनी है, रक्त की धमनी है । हमारे एक मंत्री ने कहा था अगर रेल की लाइनों को जोड़ कर खड़ा करें तो हम चन्द्रलोक तक चले जाएंगे । भारत की राष्ट्र की धमनी को प्रवाहित करने वाला अगर कोई सांस्कृतिक दृष्टिकोण हो सकता है क्योंकि संस्कृति

अगर किसी आह्वान का साधन हो सकती है तो वह राजभाषा हिन्दी हो सकती है या संस्कृत हो सकती है। इसको भूल जाएंगे तो देश को आप किस सूत्र से जोड़ेंगे। रेल पटरियां जोड़ती है भावनात्मक जोड़ने के लिए बिना किसी प्रयास के सम्पूर्ण चारों धाम में सब लोग हिन्दी बोलते हैं समझते हैं लेकिन मैं एक उलाहना सुन चुका हूं और मैं संसदीय राज्य मंत्री जी से आग्रह करूंगा। मद्रास में शास्त्री भवन है जिसमें केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालय हैं। उनके जो नामपट्ट हैं वह अंग्रेजी में और सिर्फ हिन्दी में है। राजभाषा अधिनियम के अनुसार वहां पर नाम पहले तमिल में होना चाहिये तब हिन्दी में तब अंग्रजी में होना चाहिए। यह राजभाषा का नियम है और इसी काम पालन सब जगह होता है। अगर मद्रास में और अपोजीशन के नेता के सामने ही हो तो विरोध स्वाभाविक होगा। इसलिए कृपा कर के ऐसी बातों को जरूर ठीक करवा दें। इसलिए मैं पुनः एक बार कहना चाहता हूं कि रेल ने राजभाषा हिन्दी का काम किया है लेकिन फिर भी जो रेल राष्ट्र की धमनी को जोड़ती है वह ही निश्चित पूर्वक राष्ट्रभाषा को भी देश को अंगीकार करा सकती है अब हम ज्यादा दिन तक विदेशी भाषा को ढो नहीं सकते हैं। इसलिए नहीं ढो सकते कि बिहार जाने पर हमें लोग पूछते हैं कि क्या तुम्हारे देश में ऐसी कोई भाषा नहीं है जिसमें तुम बोल सकते हो। को चिठी लिख सकते हो बातचीत कर सकते हो। हम यह देखते हैं कि दुनियां में आधा दर्जन से अधिक देशों में भारतीय गये है और दुनियां में हिन्दी किसी न किसी रूप में विकसित हो गई है जब इस भेष में विदेश गया तो पाकिस्तान बर्मा और श्रीलंका के जितने भी भारत में रहे हुए लोग थे सब दौड़ कर मिलते थे हिन्दी में पूछते थे। यह भी पूछते थे कि तुमको भोजन में भी दिक्कत होगी। इस प्रकार भाषा सब जगह है। राजनीतिक भेदभाव हो सकता है। जब प्रधानमंत्री जी विदेश गये पांच देशों में गये तो मैंने उनको पत्र लिखा कि आप पांच देशों में गये होंगे तो सभी देशों के राष्ट्रपति और अपनी वशभूषा में आए होंगे और उन्होंने अपनी भाषा में बात की होगी और आप एक विदेशी भाषा में बोले तो आप अपनी आत्मा से पूछिये कि आपको यह कैसा लगता होगा। आप एक विशाल देश के नागरिक हैं जिसकी 13 उन्नत भाषाएं है। भाषाओं की जननी संस्कृत है जो दुनियां की कई भाषाओं को अपने शब्द दिए हुऐ है। इसलिए मैं यह कहता हूं कि इसका किस प्रकार से सदुपयोग हो दुरुपयोग नहीं हो। हम सद्भावना से चलें। हिन्दी स्वयं सद्भावना से चले किसी हिन्दी वाले ने कभी भी हिन्दी इम्पोजीशन की बात नहीं की है अभी भी नहीं कहेगा इसलिए मैं चाहूंगा कि इसका भी आप नेतृत्व करें। मैं संक्षेप में पुनः आपसे कुछ बातों के लिए आग्रह करूंगा जो मैंने लिखकर भी दी हैं। जमालपुर कारखाना आपका सबसे पुराना कारखाना है लेकिन आज झाड़ झखाड़ हो रहा है इसलिए हो रहा है कि वाष्प इंजन खत्म हो जायेंगे और वाष्प इंजन की रिपेयर के लिए वहां वर्कशाप था। इस कारखाने ने यह साबित किया है कि रेलवे हिन्दुस्तान में जिस चीज को मांगा है वह उसने दिया। 60 टन का डाइ अमेरिका ने 2 वर्ष कहा, इंग्लैंड ने 3 वर्ष कहा तो इसने 6 महीने में बनाकर चितरंजन को दे दिया। किरन बनाकर दिया। द्वितीय बार में बम के पार्ट बनाकर दिया, पंचिंग मशीन बनाकर दी, किराया बनाकर दिया। आज अगर कहें कि माल के डिब्बे बनाकर दो तो उसको भी बनाकर दे सकते हैं, पैसेंजर डिब्बे कहें तो ये भी बनाकर दे सकते हैं। मैंने बात करते हुए वहां के अधिकारियों से पूछा तो उन्होंने कहा कि अभी भी रेलवे के कुछ पोर्ट पुर्जे विदेशों से मंगाये जाते हैं लेकिन यहां इतने कुशल कारीगर हैं कि उनको बनाकर दे सकते हैं। लेकिन यहां जब तक डीजल और विद्युत इंजन की रिपेयरिंग का काम नहीं देंगे तब तक स्थायी काम नहीं हो सकता है। उनको स्थायी काम नहीं मिलेगा तो वह कारखाना चल नहीं सकता है। रेलवे बोर्ड के स्पेशल अप्रेंटिस, फर्स्ट यर्ड क्लास अप्रेंटिस वहां तैयार होने हैं और तैयार होकर रेलवे बोर्ड तक आते हैं। कभी कभी तो 70 प्रतिशत अधिकारी आपके वहां से हैं। आप स्पेशल अप्रें

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

को हटाना चाहते हैं तो जो कुछ वहां हैं उसको वहां से हटाना चाहते हैं फिर मिलेगा उसको क्या । इसलिए मैं चाहूंगा कि कुछ ऐसा काम डीजल और इलेक्ट्रिक, इंजन का दें जिससे उसको स्थायी, रेगूलर काम मिलें । जहां दूसरे कारखाने बने हैं वहां 10 हजार से 20 हजार और 20 से 30 हजार लोगों को काम मिला । लेकिन यहां 1942 में 22 हजार तक लेबर कट्टकटर सब मिलाकर थे तो आज 12-13 हजार लोग काम करते हैं । जो रिटायर होते हैं तो उनके स्थान पर बहाली नहीं होती है । उसका विस्तार कैसे हो ?

मैंने दूसरी बात यहीं भागलपुर हावड़ा एक्सप्रेस आपने चालू की है मैंने इतना ही कहा कि पटना से जोड़ देते तो राजधानी की लूप लाईन के यात्रियों को एक दिन के फासले पर चलाते । जमालपुर इसलिये कहता हूं कि जमालपुर स्टेशन आपके बगल में है । जमालपुर में आपका रेलवे का कारखाना है जिसका संबंध लिलुआ, बर्दमान, हवड़ा और सियालदाह से दैनिक है । बंगाली कार्यकर्ता अधिक होने के कारण उनके पारिवारिक रिलेशनस भी है, रोज वहां से आना जाना सरकारी या गैर सरकारी कार्य से होता है । जब वहां कहता हूं तो जवाब देते हैं इंजन को घूमने के लिये जगह नहीं है । मुझे नहीं लगता है । वहां से तीन गाड़ियां तीन तरफ जाती है, रोज, तीन गुनी 6 ऐसे और शनिवार को 9 गाड़ियां वहां से आती और जाती है । 9 गाड़ियां रोज वहां से बने और जाये और वहां पर हावड़ा की गाड़ी जमालपुर को आकर चली जाये तो इसमें क्या होगा । इसलिये मैं चाहूंगा कि इसको आप देख लें । एक बात जरूर है कि रेलवे के जो सुपरिटेंडेंट है उनको जब ट्रेक बजता है तो ट्रेक के बचने पर पैसा मिलता है, इसमें नहीं मिलेगा ।

अब मैं एक दूसरी बात आपसे कहना चाहता हूं । विक्रमशिला की बात मैंने बैठक में उठायी थी । उसमें पेट्री कार नहीं लगती है । अगर जरूरत है भोजन यान की तो विक्रमशिला के यात्री को है । आप देखें जो पटना लगता है, वहां गाड़ी पटना से 9 बजे रात को खुलती है यात्री भोजन करके, भोजन लेकर चलेंगे आगे आने पर भागलपुर से जो यात्री चलता है वही भोजन करेगा और उधर से गाड़ी लौटती है तो पटना से 11 सवा 11 बजे उतर जाते है, भोजन की कोई जरूरत उनको नहीं होती है, भोजन की जरूरत अगर किसी को है तो उसी विक्रमशिला के यात्री को है । तो हमको कोई बता दे कि पैंट्री कार भोजन वालों के लिये है या भोजन वाले पैंट्री कार के लिये है । इसका जवाब कोई नहीं हो सकता । बैठक में मैंने कहा कि रेलवे बोर्ड के मम्बर हो चाहे मंत्री हो कोई हमको बता दे कि हमारा कहना सही है या उनका कहना सही है ।

दूसरा ए० सी० सी० स्लीपर जो आप लगाते हैं यात्री के साथ तो पटना से आगे के सांसदों के एवं यात्रियों के साथ आप भेदभाव क्यों करते हैं । पटना राजधानी है समझ में आया कि राजधानी के लिये आप विशेष ध्यान देते हैं लेकिन भागलपुर के लिये हो जाये तो क्या हर्ज है । जब गाड़ी अकेले चलती थी तो ए० सी० सी० वहां तक जाती थी । दूसरे डिब्बे दो से चार तो बढ़ाये लेकिन दो बढ़ाने पर भी आप देखें कि भागलपुर से गाड़ी खुलती है 6 डिब्बे की गाड़ी तो ऊपर नीचे कितने आदमी भरे रहते हैं । इसलिये इसमें 10 डिब्बे करिये या समूचा गाड़ी भेजिये आखिर गाड़ी यहां बैठ रहती है इसका क्या जरूरत है । इसलिये अब तक डिब्बे नहीं बढ़ते हैं । इसका कल्याण नहीं हो सकता है ।

मैं एक सेकेंड में दो तीन बातें कहना चाहता हूं ज्यादा समय नहीं लूंगा जब श्री गनी खान चौधरी जो रेल मंत्री थे तो उन्होंने यह वचन दिया था कि दानापुर फास्ट पैसेंजर 327–328 टाइम पर चलेगी नहीं चली तो डीजल इंजन दिया तो इससे वह गाड़ी समय पर चलने लगी लेकिन अब फिर वाष्प इंजन दिया गया कोयले का तो गाड़ी फिर एक दिन भी समय

पर नहीं चलती है। इसी के साथ अगर इंडिया एक्सप्रेस एवं दानापुर फास्ट पैसेंजर में कोच या अटेंडेंड फर्स्ट क्लास में नहीं रहता। मैं लास्ट दिसम्बर को कलकत्ता दानापुर फास्ट पैसेंजर से जा रहा था आरक्षण रहते हुए भी बर्थ नहीं मिला और भागलपुर में भी हमें आरक्षण नहीं मिला, इसलिये कि जो हमारा आरक्षण था उस पर आपके रेलवे का पुलिस अधिकारी था। आपको यह सुन कर आश्चर्य होगा कि यूजर्ज कनसल्टेटिव कमेटी में मैंने इसकी शिकायत की कि जब तुम्हारी ही बैठक में आते हुए, मेरे आरक्षण के रहते हुए, मेरा अधिकार रहते हुए भी और कंपलेंट करने पर भी आज तक कुछ नहीं हुआ। अगर इस हिसाब से चला जाये। तो मैं समझता हूं कि रेल का सुधार कौन करेगा और शिकायत कौन करेगा।

अब समय सारणी बनाते हुए पहले आप सांसदों से पूछ लिया करते थे, जो जिस लाईन का होता था कि अगर तुम्हें कुछ सजेशन देना है तो कुछ सजेशन दे दो, लेकिन आज आपने यह प्रथा भी तोड़ दी है और अंत में यही कहना चाहता हूं कि अनौपचारिक बैठकें बराबर होती रहती थी रेलवे की, तो उन अनौपचारिक बैठकों में भी जो बातें आपसे कर रहा हूं, वह बातें वहां पर करके समाप्त हो जाती थी। अनौपचारिक बैठकें भी बहुत कम कर दी हैं। इसलिये मैं चाहूंगा कि अनौपचारिक बैठकें भी आप वैसे ही करें।

अंत में मैं पैसेंजर गाड़ियों की ओर एक बार फिर ध्यान दिलाना चाहता हूं कि बड़ी बड़ी गाड़ियों पर सब लोगों ने ध्यान दिया है, लेकिन छोटी छोटी जो पैसेंजर गाड़ियां है, जिन पर बहुत कम बड़े लोग चलते हैं, लेकिन हिन्दुस्तान की अधिक आबादी तो उसी गाड़ी का लाभ लेती है और उस गाड़ी के समय पर नहीं चलने के कारण हमारी लाईन में बड़ी बड़ी गाड़ियों की बड़ी दुर्दशा हो रही है। स्वतः गाड़िया आती नहीं है, हम तिनसुखिया पर चढ़ेंगे चेन पुल करके उतरेंगे विक्रमशिला पर चढ़ेंगे चेन पुल करके उतरेंगे, इसलिये कि वह गाड़ी समय पर नहीं चलती है। वह बता देता है कि देखो दो घंटे से बैठे हुए हैं यह गाड़ी जायेगी हमारी गाड़ी नहीं आती है हम इस पर चलेंगे। इसलिये जब तक उस गाड़ी को ठीक नहीं करते है सुधार नहीं करते है तब तक लोग रेंज के पैसेंजर भी नहीं चढ सकते हैं। यह ठीक है कि डब्लू टी चलने वाले बिना टिकट के चलने वाले यह उस तरफ अधिक है लेकिन बिहार में डब्लू० टी० चलता है तो आपकी सेकेण्ड स्टोरी को गाड़ो तो कोई नहीं है लेकिन सब डबल स्टोरी पर चढ़ते है उस पर भी नहीं चढ़ता है तो जो वाक्स है उस पर बैठता है सीढ़ी पर बैठता है और जो वैक्यूम जोड़ने की जगह है। तो उस पर बैठता है। तो सवाल यह है कि यह क्या बतलाता है? यह बतलाता है साहब कि जितनी आबादी है उसके हिसाब से गाड़ियां नहीं है और राज्य ट्रांसपोर्ट बिहार ने जय श्रीहरि बोल दिया है। तो जाये तो किस चीज से जाये और सब तरह के लोग है। इसलिये कम से कम जो द्वितीय श्रेणी के निचले स्तर के जो हमारे यात्री हैं उनके लिये कृपा करके कुछ कीजिये और अगर यात्रा की बात धर्म भाषा की बात करनी है तो एक बात आपको स्मरण कराना चाहूंगा कि सुलतानगंज अजगैबी महादेव घाट है जहां से एक लाख आदमी रोज आकर स्नान करने के लिये सावन और भादों में आता है और सौ मील देवघर जाता है लेकिन आज तक आपने एक लाख ...(घंटी).. और कुम्भ के मेले में इस बार 90 लाख आयेगा तो उसके लिये आपने क्या व्यवस्था की है लेकिन वहां पर प्रत्येक साल सावन महीने में निश्चित है कि वहां पर एक लाख आदमी दैनिक आता है और वहां से देवघर जाता है लेकिन देवघर जाने के लिये कोई गाड़ी नहीं है सीधी लाईन तो है ही नही मंदार तक है लेकिन घूम करके।

मुझे लास्ट इयर कहा गया कि हम ट्रायल के लिये चला देते हैं। तो वह भी नहीं चलाया। तो एक लाख यात्री जहां रोज जाये उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है लेकिन दूसरी जगह जहां कम लोग हैं वहां करेंगे इसलिये कि वह कुम्भ ऐसी जगह लगता है जहां पर लोगों की पहुंच है।

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

सुलतानगंज ऐसे लोगों की पहुंच वाली जगह नहीं है जिसके कारण आज अजगैबी महादेव घाट पर एक लाख स्नान करने वाले रोज जाने वाले वर्षों से जाने वाले और हमने वहां से इस सवाल को उठाया है लेकिन आज तक हल नहीं हुआ ।

इसलिये मैं चाहूंगा कि आप देख लें एक्जामिन कर लें कि क्या व्यवस्था हो सकती है ? जो भी व्यवस्था हो सके वहां कीजिये । मैं यह नहीं कहता कि मेरे कहने से कीजिये, लेकिन आप देख लीजिये, जो भी व्यवस्था हो, वह यात्रियों के लिये कीजिये । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Yes, Mr. Narayanaisamy, not more than five minutes please.

SHRI V. NARAYANSAMY (Pondicherry): Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you very much for having given me this opportunity to speak on the Railway Budget.

Sir, I rise to support the Budget, which is presented by the hon. Minister lor Railways, Shri Madhavrao Scin-dia. Sir, this Budget is welcomed by all sections of the society for three reasons. The first reason is that the burden of the fare is put on the affluent sections of the society. Secondly, the freight charges on transit of the goods have not been increased. Thirdly, the hon. Minister has seen that within the available resources of funds the Budget has been presented in a positive manner.

Sir, I would like to say that Rs. 2050 crores have been allocated for the year 1986-87. For the total plan period, Rs. 12.334 crores have been given for the Seventh Plan. Sir, I will talk only about the salient features of the budget and then give my suggestions for the hon. Minister to consider.

Last \>ear, we had celebrated the International Year for the Youth. Concessions were given to youth at 50 per cent when they travel for training or in groups of ten persons and if they are in the age group of 16 to 33. But this year this concession has been reduced to 25 per cent. Sir, we have Human Resource Development Ministry separately because we want to encourage the youth, the sportsmen and students to make them avail of this concessions so that persons living in one corner of the country can visit the other corner, understand the peopie, the living conditions there. Therefore, I suggest the hon. Minister should increase the concession from 25 per to 50 per cent this year also.

Then about season tickets. Though the fare on the season tickets has not been increased, I would only like to say that last year, there were some circulars issued by the Railway Department saying that season ticket-holders should not carry more than ten kgs of luggage; they can take only one umbralla, one tiffin box and one handbag. There were many protests by those travelling by the reason tickets. I would submit that season tickets holders are generally office goers those working in plantation fields and industrial workers. By imposing this condition, they will be greatly affected. Because of protests, the Railway Department was pleased to withdraw the condition of 10 kgs baggage but other conditions have not been withdrawn. Many Representations have been made by season ticket-holders and I suggest the Railway Minister to consider these representations and withdraw the conditions.

Sir, about 18 lakh persons are working in the Railway Department and there are about two lakh employees who are working as temporary workers. They have put in 10 years and 15 years of service but they have still not been regularised. Their service conditions is also not being improved. I would request the hon. Minister to consider such cases and review the service

conditions of these employees so that they get a better deal.

Coming to my State.—I am skip ping over other points—Pondicherry, we had one train from Pondicherry to Madras which is still continuing. Then there is another Express train which was started in 1982, known as Pondy Express. It continued for two years but without any reason whatso ever, that train has been abruptly stopped. This train starts at 10 at night from Pondicherry and reaches Madras next morning at 6. If persons travel by bus, it takes him only 3i hours to reach Madras from Pondicherry, but the train takes about 10 hours. I request the Minister to start that train again because in our State of Pondicherry, people from West Bengal are coming to have darshan of Ashram and see Auroville and people from Delhi and Bombay and other places also come and there is a great traffic potential. Then in Karaikal, due to flood, there was dislocation of railway traffic and railway tracks were damaged but the train services have so far not been resumed during the past three months.

This may also be considered by the hon. Minister.

Then, coming to Mahe, Mahe is part of the Union Territory of Pondicherry. There is no train from Mahe to Pondicherry. I would request the Minister to take steps to introduce a train between Mahe and Pondicherry be-cause most of the Government servants are living in Pondicherry and working there.

I would like to refer to one more aspect. The old railway station in Pondicherry was demolished and new station was built. It is welcome. I would like to congratulate the hon. Minister for this. I would also like to congratulate the hon. Minister on the fact that the trains are running on time.

THE VICE- CHAIRMAN (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Please conclude.

SHRI V. NARAYANASAMY: I am concluding. In the new station at Pondicherry, retiring rooms are not there and the passengers are stranded on the platform. I would request the hon. Minister to look into this aspect also. Sir, since my learned colleagues have already touched on the other aspects of the railway like improvement of services etc., I would not dwell on these points. In the end, I thank the hon. Minister for all the pains he has taken to see that railways are run in an effective manner. I conclude my speech with the hope that the hon. Minister will pay more attention to the Union Territory of Pondicherry which is in the southern part of the country.

श्री मोर्जा ईज़ार्दबेग (गुजरात) : मान्यवर उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे गांव में एक मुहावारा है—"पगडी का दल छोर पर आता है" अब सुबह बोलने वाले वक्ताओं मे अधिक समय लिया और कटौती हमारे समय से हो रही है । खैर, फिर भी मैं जल्दी से इसको निपटाने की कोशिश करता हूं ।

मान्यवर, रखा गया जो रेल बजट है, जिसकी और लोगों ने भी सराहना की है, मैं उसका अनुमोदन करता हूं और हमारे मंत्रालय को, खासकर के मंत्री जी को मैं उसकी बधाई देता । हमारे प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी इस देश को जो एक सक्षम और कागर नेतृत्व देना चाहते हैं उसकी दिशा में आपने अपनी कार्य दक्षता से आगे इस मंत्रालय को ले जाने का जो प्रयास किया है, उसके लिये बधाई ।

मान्यवर, मेरा समय भले ही कटे लेकिन एक बात मैं सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि आपके माध्यम से । अभी-अभी दो ही मिनिट पहले विपक्ष के मेरे साथी लोकतांत्रिक परंपराओं की बात कर रहे थे । यह सदन का घोर अपमान है मान्यवर कि नुक्ताचीनी की बात कर

[श्री मोर्जा ईर्शाद बेग]

सरकार पर जो करनी होती है, तो विपक्ष एक भी बात को जाने नहीं देता और आज विपक्ष का एक भी सदस्य यहां पर मौजूद नहीं है। यह सदन का घोर अपमान है ; मान्यवर यही इनका मुखौटा है, नुक्ताचीनी की बात तो हमेशा करते है और जो लोकतांत्रिक परंपराओं की, व्यवस्था की बात आती है, तो उसकी तरफ उनका कोई ध्यान नहीं रहता है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल) : यादव जी यहां बैठे हुए हैं ।

श्री मिर्जा ईर्शादबेग : मान्यवर (व्यवधान) मेरे पास बहुत समय नहीं है, इसलिए मैं सिर्फ कुछ दो तीन पाइंट की ओर ही मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं, खासकर के गुजरात के संबंध में आपने जो रेल बजट में थोडा बहुत देने का हमें प्रयास किया है, इसलिये मैं आभारी हूं। दो तीन पाइंट जो गुजरात के बहुत पुराने समय से मंत्रालय के सामने पड़े हुए है, बार-बार आपके समक्ष इस बात को लाया गया है, लेकिन कौन जाने इस प्रोजेक्ट का कोई सुलझाव क्यों नहीं होता है ? मैं आशा करता हूं कि आप इस पर दृष्टिपात करेंगे विदेश व्यापार के उत्कर्ष के लिये अहमदाबाद में इण्टरनेशनल स्टेण्डर्ड आर्गेनाइजेशन केण्टोनमेंट डिपो बनाने के संबंध में दरखास्त जो आज से तीन वर्ष पूर्व राज्य सरकार ने दी है बैंगलोर केण्टोनमेंट में जिस प्रकार पायलेट योजना शुरू की गयी है, उसी प्रकार अहमदाबाद में केण्टोनमेंट डिपो शुरू कर सकते है । यह पायलेट स्कीम जब तक संपूर्ण सजावटी के साथ केण्टोनमेंट डिपो नये स्थल पर नहीं स्थापित होती, तब तक अन्तरिम व्यवस्था के तौर पर यह रह सकती है । इस सम्बन्ध में राज्य सरकार ने रेलवे कन्वेन्शन कमेटी को संपूर्ण ब्यौरा 31-8-85 के रोज दिया था और 10-11 85 को विभागीय रेलवे मैनेजर को भी इसके बारे में जानकारी है । मगर आज तक मान्यवर, इसका निपटारा नहीं हुआ है । जेनुअन संपादन अभी तक रुका हुआ है, इसे त्वरित गति से निपटाने की मांग करता हूं ।

मान्यवर, भावनगर, तारापुर ब्राडगेज लाइन के लिये 1952 से मांग रखी गयी है। सौराष्ट्र बम्बई के अन्तर को यह 150 किलोमीटर तक घटा सकती है । किन्तु आज तक नेशनल ट्रांसपोर्ट कमेटी का भी बोर्ड जो दो वर्ष पूर्व मंत्रालय को मिला है, लेकिन राज्य सरकार को आज तक कोई प्रत्युत्तर नहीं मिला है। मान्यवर, भावनगर में अलग शिप-पेकिंग यार्ड का उद्योग विकसित है और उसमें एक करोड़ की लागत से अधिक विकास की योजना चालू है । इस उद्योग ने बीच कुछ लिये राज्य तथा केन्द्र सरकार को करोड़ों रुपया मुनाफे में दिया है रेवेन्यु में दिया है भावनगर से गढुआ बाया तलाजा नैरोगेज रेलवे लाइन है उस लाइन पर भावनगर से 30 किलोमीटर की दूरी पर यह शिप-पेकिंग यार्ड है, जिसको इस लाइन के साथ जोड़ने की मांग की गई है, लेकिन रेल मंत्रालय इस पर सहमत नहीं है और कहता है कि नैरोगेज लाइन आर्थिक दृष्टि से चलाना ठीक नहीं है और उसने राज्य सरकार पर सर्वेक्षण का खर्च डालने की बात की है । केन्द्रीय सरकार को करोड़ों रुपया कुछ ही वर्षों में कुछ भी लिये बीच गुजरात के इस उद्योग ने दिया है । सर्वेक्षण का खर्च आप डालना चाहते हैं तो फाइनेंस डिपार्टमेंट से कहिये या इस्पात वालों से कहिये, वे वहन कर सकते हैं । मान्यवर, 10-10-85 को इस सम्बन्ध में राज्य सरकार ने मंत्रालय को लिखा लेकिन आज तक उसका जवाब प्राप्त नहीं हुआ है ।

भगदल्ला बन्दर रेल मार्ग से जुड़ा नहीं है । उस के नजदीक का स्टेशन है उसका जो सिर्फ 9 किलोमीटर की दूरी पर है । भगदल्ला को रेल मार्ग से सम्बन्धित किया जाय तो मध्य प्रदेश से आने वाला जो कोयला है वह सीधा इस बन्दर पर उतर सकता है । इस प्रकार भगदल्ला में उत्पन्न सीमेंट को रेल मार्ग से देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा जा सकता है । यह बड़ा बन्दर है। वहां पर भारी यातायात है । सिर्फ 9 किलोमीटर का सवाल है ।

मान्यवर, हजीरा बन्दर को बारह-मासी उतारू बन्दर 22 करोड़ की लागत से विकसित करने की राज्य सरकार की योजना है और इस पर वार्षिक 14 लाख टन का यातायात होना सम्भावित है । हजीरा पर जहाज बांधने का भी प्रावधान है । हजीरा के नजदीक क्रिमको गैस आधारित है खाद का कारखाना है । इसलिये क्रिमको हजीरा वाली रेलवे लाइन को हजीरा बन्दर और जहाजों के जो स्थल हैं, जो पांच किलोमीटर के अन्तर पर हैं वहां तक एक्सटेंड करना मैं समझता हूं राष्ट्रीय आवश्यकता है । इस सम्बन्ध में राज्य सरकार ने 20-1-86 को रेल सचिव को लिखा जिसका प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है ।

मान्यवर, रेल मंत्रालय ने 78-79 में नडियाड-कपडवंज रेलवे लाइन को मीटर-गेज से ब्रोडगेज में रूपांतरित करके मोडासा तक एक्सटेंड करने का प्रोजेक्ट 15.75 करोड़ की लागत से मंजूर किया, उस पर 2 करोड़ की लागत आपने लगाई है, इसका मिट्टी का काम आपने करवाया है राज्य सरकार ने भी उस पर खर्च किया है । यह पिछड़ा हुआ इलाका है, आदिवासी इलाका है और रेल-लाइन से जोड़ने का इसका इतिहास है । मान्यवर, आपका भी ध्यान दिलाया गया है, वंशी लाल जी से बात हुई है । इस पर आंदोलन चले हैं । एक जमाना था जब गुलजारी लाल नन्दा इसी कांस्टीट्यूएंसी से आते थे और रेल मंत्री थे । उस समय भी इसके बारे में इतने बड़े आन्दोलन हुये कि पहली बार उस इलाके में 144 लगाई गई और नन्दा जी की गाड़ी को जलाया गया । इतना सेंसिटिव मामला है । हम यह नहीं कहते कि सेंसिटिव मामला है इसलिये इस प्रोजेक्ट को मंजूर करें, लेकिन एक बार आपने ढाई करोड रुपये की लागत लगाई है, आपका मिट्टी का काम खराब हो रहा है । इस सदन में भी मंत्री जी ने आश्वासन दिया है । लेकिन अगले वर्ष दो हजार रुपया दिया, यह मजाक है । इस वर्ष एक हजार रुपया दिया । इस लागत से तो यह प्रोजेक्ट तीस वर्ष के अन्दर भी पूरा नहीं हो पाएगा । इसको सिर्फ 20-30 किलोमीटर एक्सटेंड करने की है । इससे हमारा सम्बन्ध बनता है राजस्थान के साथ, हमारा सम्बन्ध बनता है मध्य प्रदेश के साथ । हमारी मांग है कि इसको आप देखें । ईस तरह से खर्च करेंगे तो कुछ वर्षों के बाद इसकी कास्ट इतनी बढ़ जाएगी कि इस प्रोजक्ट को पूरा करना सम्भव नहीं हो पाएगा । मान्यवर, राज्य सरकार ने इसके बारे में कहा है, चैम्बर आफ कामर्स ने कहा है । राज्य सरकार ने रेल प्रोजेक्ट्स को जो प्रायोरिटी दी है उसमें सर्वप्रथम प्रायोरिटी इस काम को दी है । मैं मांग करता हूं कि इस प्रोजेक्ट को देखते हुए आप उचित धनराशि आवंटित करें । सौराष्ट्र के विस्तार के सम्बन्ध में दो एक बातें कहना चाहता हूं । आप देश के विभिन्न भागों से खनिज, नमक, उर्वरक आदि असंख्य वस्तुएं देश के विभिन्न हिस्सों से उपलब्ध कराते हैं परन्तु वर्षों से गुजरात की मांगों के सम्बन्ध में कुछ नहीं सोचा जा रहा है । मान्यवर, बांकानेर, मोरवी, जंक्शन मांजिया मोटरगेज सेक्सन को ब्राडगज में परिवर्तित किया जाना चाहिये और भावनगर, सुरेंद्र नगर, अहमदाबाद दिल्ली राजकोट वेरावल, गांधीग्राम से भुज तथा लखपत तक ब्राडगज में रूपांतरण तथा एक्सटेंशन हो मुझे तो भविष्य के विषय दिखाई पड़ते हैं । इनके वहां के औद्योगिक विकास के सम्बन्ध में विचार करना अधिक आवश्यक है । इसी तरह अहमदाबाद बड़ौद तथा सूरत में एलेक्ट्रिक मोटर यूनिट सबरबन ट्रेन का भी आयोजन अवश्यक है । मंत्री जी, आप ने पंजाब को रेलवे कोच की फैक्ट्री दी है और इसलिये मैं आप का अभिनन्दन करता हूं । किन्तु गुजरात में भी इस बारे में कुछ विचार किया जा रहा है या नहीं । इसके बारे में कुछ जमीन एक्वायर करने की बात सोची जा रही है या नहीं । इसके बारे में क्या प्रावधान किया गया है यह मैं जानना चाहता हूं ।

हमारी मांग है कि कम से कम हमारी जो आश्रम एक्सप्रेस है उसके अन्दर हम को दो ए सी कोच दे दी जायें । कभी उस के अन्दर आप सफर कर के देख लीजिए । अगर आप कभी उस आश्रम एक्सप्रेस से अहमदाबाद जायेंगे तो आप को वह सफर दूभर मालूम होगा और पहुंचने पर ऐसा लगेगा मानो दस दिन से धूल में नहा कर आये हों । तो हमारी मांग है कि उसमें कम से कम दो एसी कोच दी जायें या कम से कम ऐसा प्रावधान

[श्री मोर्जा ईशाक बेग]

किया जाय कि उसके डिब्बों में मिट्टी न जा सके ।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो एक्सीडेंट्स होते हैं उस पर प्रभावित व्यक्तियों को कुछ एक्सेग्रसिया रकम दी जाती है । मैं जहां तक समझा हूं हमारा जो आई आर ए की सेक्शन 82/ए है उसके मुताबिक उसका आवंटन होता है । मैं जानना चाहूंगा कि पिछले वर्षों से जो एक्सीडेंट्स हुये हैं उन में किसी को 5000 किसी को 3000 और किसी को 2000 रुपया दिया गया है ।

मैं यह जानना चाहता हूं कि यह किन नियमों के आधार पर दिया गया है और इस को देने का क्राइटेरिया क्या है ?

अन्त में एक बात कह कर मैं अपनी बात खत्म करना चाहता हूं । रेशनालाइजेशन आफ गुड्स परटेनिंग टु दि रेलवे फ्रेट के बारे में कुछ बातें बतायी गयी थी । पहले शार्टेस्ट रूट ऐंड चीपस्ट रेट का जो क्राइटरिया था उसको अब रिवर्स कर दिया गया है । जैसा कि अहमदाबाद से पंजाब को अगर माल भेजना है तो चंडीगढ़ से अहमदाबाद के लिये रवाना होने वाला माल बाया तुगलकाबाद ले जाने की अनुमति आप ने दी है और इसके चार्जेज आप लेते हैं जो कि शार्टेस्ट रूट के हैं । वह रूट बाया दिल्ली मथुरा और आगरा का है । तो पहले जो क्राइटेरिया था उस को क्यों बदला गया है और इस पर आप जो फ्रेट लत हैं, जो चार्ज लेते हैं वह अधिक लेते हैं । आप इसके बारे में सोच कर बतायें और इसी तरीके से आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की बात भी है । इसके बारे में कुछ जगहों पर आप के डिपार्टमेंट से मांग की गयी और जो माल लांगेस्ट रूट से ले जाया गया था उस पर उन्होंने कहा कि इस पर शार्टेस्ट रूट का क्राइटरिया लगना चाहिये तो उन की इस दलील पर आप ने उन को मुआवजा भी वापस किया है ।

बाक्स एन टाइप के वैगन्स में लोडिंग और अनलोडिंग के बारे में मंत्री जी ध्यान दे कर सोच लेंगे ऐसी मैं आशा करता हूं और अन्त में एक मांग करूंगा कि रेलवे का जो रिक्रूटमेंट है वह आप की इस प्रोग्रेसिव लीडरशिप में यह रेलवे आयी है इसलिये चाहता हूं कि रेलवे का रिक्रूटमेंट अब कम्प्यूटर के जरिये से ही हो । आप इस की व्यवस्था करायें और ऐसा होने से मैं समझता हूं कि देश के हित में कुछ अधिक काम हो सकेगा ।

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बंसल): अभी दो स्पीकर और हैं । उन से मैं दरख्वास्त करूंगा कि वे 5, 5 मिनट से ज्यादा न लें ।

श्री हाशिम रजा आबदी इलाहाबादी (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, वाइस चेयरमैन साहब, मैं आप का आभारी हूं कि आप ने मुझे रेलवे बजट पर बोलने की इजाजत दी । इस मौके पर मैं अपने जवान मंत्री और जवान हौंसला माधव राव जी सिंधिया जी को मुबारकबाद देना हूं चाहता हूं कि आज उनके बजट ने यह फिजां पैदा कर दी कि विरोधी दल से भी उन को मिठाई देने की बात हो रही थी जब कि वह मिठाई हम तक नहीं पहुंच रही थी लेकिन बहरहाल खुशी इस बात की है कि विरोधी दल ने भी उन को मिठाई देने की पेशकश की । यह बात बतलाती है कि पूरा सदन और पूरा हाउस सबके सब इस बजट से खुश हैं और मुतमईन हैं जिसके लिये दिल्ली मुबारकबाद पेश करना चाहता हूं ।

जनाबेआला, हम इस बजट पर पहले भी बोलते रहे हैं और हर साल हमने कुछ न कुछ शिकायतें अपने लायक मिनिस्टर के सामने रखी हैं। मतलब यह कि छतों पर लोगों का सफर करना, पानी की व्यवस्था न होना, ट्रेनों का लेट आना वगैरह-वगैरह। लेकिन यह एक बड़ी मुआजा है और यह बड़ी खुशी की बात है कि इस साल के अरसे में ये सब शिकायतें रफ्ता -रफ्ता कम हो गई हैं । खत्म नहीं तो नहीं हो सकती हैं, बल्कि कम हो गई हैं, जिसके लिये मैं उनका शुक्रिया कर रहा हूं और अपनी ओर से, अपनी पार्टी की ओर से उनका शुक्रिया अदा करता हूं । लेकिन शुक्रिया साथ शिकायत भी होना चाहिये । मैं उनसे यह शिकायत कर रहा हूं जो मैंने पिछले साल की थी कि पब्लिक सैक्टर और प्राइवेट सैक्टर यानी हमारी जितनी दुकानें रेलवे स्टेशनों पर छोटे-छोटे दुकानदारों की थीं, सब तो आपने नेशनालाइज कर दीं, अमरूद की, फल की दुकानें, चाय की दुकानें,

समोसे और पकौड़े की दुकानें, सब आपने नेशनलाइज कर दीं, लेकिन क्या वजह है कि आप बता सकते हैं कि अब तक हवीलर बुक स्टाल, गुलाब सिंह की दुकान या उनका बिजिनेस आज भी उसी तरह से चल रहा है जिस प्रकार 14 साल पहले चल रहा था। हम से हमेशा यह कहा जाता है कि हमने उनको नोटिस दिया है कि दो तीन साल के अन्दर अपना बिजिनस समेट लो, लेकिन ऐसा नहीं होता। बल्कि कुछ इसमें कहानी और है। हम यह चाहते हैं कि हमारे लायक मिनिस्टर, हमारे लायक स्टेट मिनिस्टर उस कहानी के पन्ने परदा जायें और देखें कि वह क्या कहानी है और इसकी कहानी के ऊपर ये लोग बिजिनस किस प्रकार कर रहे हैं। छोटे दुकानदार तो सड़क पर आ गये हैं, बड़े-बड़े साहूकार गुलाब सिंह और ए० एच० हवीलर के नाम पर दुकानदारी कर रहे हैं और लाखों करोड़ों रुपया हमारे रेलवे स्टेशनों से कमा रहे हैं।

आखिर में मैं यह कहूंगा कि हमारे यहां बहुत से मैम्बर्स ने एक ही बात कही है और मिनिस्टर साहब ने हमारे लायक मिनिस्टर साहब ने उसका गौर किया होगा कि पैसेंजर ट्रेन पर ज्यादा तवज्जह दें। यह एक्स्ट्रा एक्सप्रेस ट्रेन और मेल ट्रेन या सुपरफास्ट ट्रेन सब धोखा है। असली ट्रेन जो है वह पैसेंजर ट्रेन है, जो गरीबों की ट्रेन है, मजदूरों की ट्रेन है, स्टूडेंट्स ट्रेन है। चनाचे एक ट्रेन जो कि फैजाबाद से इलाहाबाद हो मिलती थी और सुबह 7 बजे और 3 बजे के बीच में आती थी उसको आपने एक्सप्रेस कर दिया और बाद में बंसीलाल जी ने हमें खत लिखा कि पब्लिक की डिमांड थी कि एक एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए, हम एक्सप्रेस ट्रेन नहीं चला पाए, इसलिए हमने इस पैसेंजर ट्रेन को एक्सप्रेस ट्रेन कर दिया। मैं जानना चाहूंगा कि ऐसा क्यों हुआ, मैंने यह कहा कि यह बहुत गलत बात है। पब्लिक की ऐसी कोई डिमांड थी?

8 P.M.

अगर कोई डिमांड थी भी तो यह आपको हक नहीं है कि जो लड़के 10 बजे इलाहाबाद पहुंचते हैं, जो दफ्तर के कर्मचारी 10 बजे इलाहाबाद पहुंचते हैं उन सब के हकूक छीन लें और उस ट्रेन को जो कि छोटे-छोटे स्टेशनों से तमाम मुसाफिरों को इकट्ठा करके शहर में पहुंचाती थी उसको आप अपनी तरफ से एक्सप्रेस ट्रेन कर दें यह कहां की इन्सानियत है। आपने यह जुल्म किया है उन पर। विश्वनाथ गंज का जो स्टेशन था वहां पर तो पब्लिक की एजिटेशन से आपने ट्रेन रोक दी लेकिन दूसरे जो स्टेशन थे वहां पर नहीं रोकी। जब हमने लिख कर भेजा कि मुझे बताया जाये कि वहां पर कितनी बुकिंग होती है, क्या मुनाफा है वहां से, विश्वनाथगंज से क्या आमदनी है तो आप खामोश हो गये। तो यह एक ऐसी चीज है कि लोगों ने वहां पर ट्रेन को जैम किया, लोगों ने हड़ताल की। पांच हजार लोग ट्रेन के सामने खड़े हो गये। पुलिस आई, गिरफ्तारियां हुईं, सब कुछ हुआ। लेकिन सी आई डी ने भी रिपोर्ट दी, इंटेलीजेंस ने भी कहा कि यह ट्रेन रुकनी चाहिए इन स्टेशनों पर लेकिन आप हैं, आपका डिमार्टमेंट है जो जिद कर रहा है कि नहीं रोकनी है। इस पर मचले हुए हैं कि हमें एक दर्दनाक मंजर बनाने की बात है। दो आदमी कट गये गाड़ी से। चलती गाड़ी से लड़के कूदे। उनके पांव कट गये। लेकिन उसके बाद भी आपको उन पर रहम नहीं आई। मैं आपसे विनती करता हूं, मैं आप से रिक्वेस्ट करता हूं कि इस फैजाबाद और इलाहाबाद की ट्रेन को जो सरजू एक्सप्रेस के नाम से मशहूर है उसको आप पैसेंजर ट्रेन कर दें। वहां की पब्लिक की यह डिमांड है, गरीबों की डिमांड है, देहात की इलाकों की डिमांड है और उसके साथ एक बात और कहना चाहता हूं। कल सुकुल जी ने इलाहाबाद में राजधानी एक्सप्रेस को रोकने की बात कही मैं कुछ ज्यादा तो नहीं कहना चाहता लेकिन एक बात सुकुल जी कहना भूल गये कि आज जिस आजादी के टाउन में हम बैठे हुए हैं यह कांग्रेस की देन है और कांग्रेस का हैडक्वार्टर इलाहाबाद में ही 60 साल तक रहा है। 40 साल तो यहां अखबार-रेडियो छाया रहा। इलाहाबाद को आप इतनी आसानी से नेग्लेक्ट नहीं कर सकते, जनर-अन्दाज नहीं कर सकते। जो अभी शताब्दी मनाई गई थी, 100 साल पूरे होने पर जो खुशी मनाई गई थी वह इसकी यादगार है, वह उसकी एक निशानदेही है, आप उसको नहीं मिटा सकते। आपको इसको एहतराम देना चाहिए। आपको इलाहाबाद में राजधानी एक्सप्रेस को रोकना चाहिए। आपने बिना वजह एक्सप्रेस ट्रेन बनाई इन स्टेशनों को छोड़ा सिर्फ अफसरों को कहने से। मैं कहना चाहता हूं कि

ये अफसर लोग जो हैं ये पब्लिक में आएं और पब्लिक के एजिटेशन को फेस करें। मैं कहता हूं कि इनकी हैसियत क्या है। इन अफसरों की हैसियत क्या है? मैं यह कहना चाहता हूं कि एक्सप्रेस ट्रेन को पहले की तरह पैसेंजर ट्रेन कर दीजिए ताकि स्टूडेंट्स को, कचहरी जाने वालों को, दुकानदारों को हर प्रकार की आसानी हो।

†[شری هاشم رضا عابدی الهه آبادی

(اتر پردیش) : محترم وائس چیرمین صاحب - میں آپ کا ابھاری ہوں کہ آپ نے مجھے ریلوے بجٹ پر بولنے کی اجازت دی - اس موقع پر میں اپنے جوان منتری اور جوان حوصلہ مادھو راؤ جی سندھیا جی کو مبارکباد دینا چاہتا ہوں کہ آج ان کے بجٹ نے یہ فضا پیدا کر دی کہ وردھی دل سے بھی ان کو مٹھائی دینے کی بات ہو رہی تھی - جب کہ وہ مٹھائی ہم تک نہیں پہنچ رہی تھی - لیکن بہر حال خوشی اس بات کی ہے کہ وردھی دل نے بھی ان کو مٹھائی دینے کی پیشکش کی - یہ بات بتلاتی ہے کہ پورا سدن اور پورا ہاؤس سب کے سب اس بجٹ سے خوش ہیں اور مطمئن ہیں - جس کے لئے میں ان کو دلی مبارکباد پیش کرنا چاہتا ہوں -

جناب اعلیٰ - ہم اس بجٹ پر پہلے بھی بولے ہیں - اور ہر سال ہم نے کچھ نہ کچھ شکایتیں اپنے لائق منسٹر صاحب کے سامنے رکھی ہیں - مطلب یہ کہ چھوٹوں پر لوگوں کا سفر کرنا - پانی کا بندوبست نہ ہونا - ٹرینوں کا لیٹ آنا وغیرہ وغیرہ - لیکن یہ ایک بڑا معجزہ ہے اور یہ بڑی خوشی کی بات ہے کہ اس سال کے عرصہ میں یہ سب شکایتیں رفتہ رفتہ کم ہوگئی ہیں - ختم تو نہیں ہو سکتی ہیں - بلکہ کم ہو گئی ہیں - جس کے لئے میں ان کا شکریہ ادا کر رہا ہوں اور اپنی طرف سے اپنی پارٹی کی طرف سے - ان کا شکریہ ادا کرتا ہوں - لیکن شکریہ کے ساتھ شکایت بھی ہونی چاہئے - میں ان سے یہ شکایت کر رہا ہوں جو میں نے پچھلے سال کی تھی - کہ پبلک سیکٹر اور پرائیویٹ سیکٹر یعنی ہماری جتنی دکانیں ریلوے اسٹیشنوں پر چھوٹے چھوٹے دکانداروں کی تھیں - سب تو آپ نے نیشنلائز کر دیں - امرود کی - پھل کی - چائے کی دکانیں - سموسے اور پکوڑے کی دکانیں - سب آپ نے نیشنلائز کر لیں - لیکن کیا وجہ ہے کہ آپ بتا سکتے ہیں کہ اب تک ہوہلر بک اسٹال - گلاب سنگھ کی دکان یا ان کا بزنیس آج بھی اسی طرح چل رہا ہے - جس طرح چودہ سال پہلے چل رہا تھا - ہم سے ہمیشہ یہ کہا جاتا ہے کہ ہم نے انکو نوٹس دیا ہے کہ دو تین سال کے اندر اپنا بزنیس سمیٹ لو - لیکن ایسا نہیں ہوتا - بلکہ کچھ اس میں کہانی اور

† Transliteration in Arabic Script.

کو ایکسپریس ٹرین کر دیا - میں جاننا چاہوں گا کہ ایسا کیوں ہوا - میں نے یہ کہا کہ یہ بہت غلط بات ہے -

پبلک کی ایسی کوئی ڈمانڈ تھی - اگر تھی بھی تو یہ آپ کو حق نہیں ہے کہ جو لڑکے دس بچے الہ آباد پہنچتے ہیں - جو دفتر کے کرمچاری دس بجے الہ آباد پہنچتے ہیں ان سب کے حقوق چھین لیں - اور اس ٹرین کو جو کہ چھوٹے چھوٹے اسٹیشنوں سے تمام مسافروں کو اکٹھا کرکے شہر پہنچاتی تھی اس کو آپ ایکسپریس اپنی طرف سے ایکسپریس کر دیں - یہ کہاں کی انسانیت ہے - آپ نے یہ ظلم کیا ہے ان پر - وشوناتھ گنج کا جو اسٹیشن تیا وہاں پر تو آپ نے پبلک کے ایجیٹیشن سے ٹرین روک دی لیکن دوسرے جو اسٹیشن تھے وہاں پر نہیں روکی - جب ہم نے لکھکر بھیجا کہ مجھے بتایا جائے کہ وہاں پر کتنی بکنگ ہوتی ہے کیا منافع ہے وہاں سے - وشوناتھ گنج سے کیا آمدنی ہے - تو آپ خاموش ہو گئے - تو یہ ایک ایسی چیز ہے لوگوں نے وہاں ٹرین جام کیا - لوگوں نے ہڑتال کی - پانچ ہزار لوگ ٹرین کے سامنے کھڑے ہوگئے - پولس آئی گرفتاریاں ہوئی - سب کچھ ہوا - لیکن سی - آئی - ڈی - نے بھی رپورٹ دی - اور انٹیلجنس

[شری ہاشم رضا عابدی الہ آبادی]

ہے - ہم یہ چاہتے ہیں کہ ہمارے لائق منسٹر - ہمارے لائق اسٹیٹ منسٹر اس کہانی کے پس پردہ جائیں اور دیکھیں کہ وہ کیا کہانی ہے - اور اس کہانی نے اوپر یہ لوگ بزنیس کس طرح کر رہے ہیں - چھوٹے دکاندار تو سڑک پر آ گئے ہیں - بڑے بڑے ساہوکار گلاب سنگھ اور اے - ایچ - ہویار کے نام پر دکانداری کر رہے ہیں اور لاکھوں کروڑوں روپئے ہمارے اسٹیشنوں سے کما رہے ہیں -

آخر میں میں کہنا چاہوں گا کہ ہمارے یہاں بہت سے ممبرس نے ایک ہی بات کہی ہے اور منسٹر صاحب نے بھی ہمارے لائق منسٹر صاحب نے اس پر غور کیا ہوگا کہ پیسنجر ٹرین پر زیادہ توجہ دیں - یہ ایکسٹرے ایکسپریس ٹرین اور میل ٹرین سب دھوکا ہیں - اصلی ٹرین جو ہے وہ پیسنجر ٹرین ہے - جو غریبوں کی ٹرین ہے - مزدوروں کی ٹرین ہے - اسٹوڈنٹ کی ٹرین ہے - چنانچہ ایک ٹرین جو کہ فیض آباد سے الہ آباد کو ملاتی تھی اور صبح سات بجے اور تین بجے کے بیچ آتی تھی - اس کو آپ نے ایکسپریس کردیا - اور بعد میں بنسی لال جی نے ہمیں خط لکھا کہ پبلک کی ڈمانڈ تھی کہ ایک ایکسپریس ٹرین چلائی جائے - ہم ایکسپریس ٹرین نہیں چلا پائے - اس لئے ہم نے ایک پسنجر ٹرین

شتابدی منائی گئی ہے سو سال پورے ہونے پر - جو خوشی منائی گئی ہے وہ اس کی یادگار ہے - وہ اس کی ایک نشاندھی ہے - آپ اس کو مٹا نہیں سکتے - آپ کو اسکو احترام دینا چاہئے - آپ کو الہ آباد میں راجدھانی ایکسپریس کو روکنا چاہئے - آپ نے بنا وجہ ایکسپریس ٹرین بنائی - ان اسٹیشنوں کو چھوڑنا صرف افسروں کے کہنے سے - میں کہنا چاہتا ہوں کہ یہ افسر لوگ جو ہیں یہ پبلک میں آئے اور پبلک کے ایجیٹیشن کو فیل کریں - میں کہتا ہوں کہ ان کی حیثیت کیا ہے - ان افسروں کی حیثیت کیا ہے - میں کہنا چاہونگا کہ ایکسپریس ٹرین کو پہلے کی طرح سلنجر ٹرین کیا جائے تاکہ اسٹوڈنٹ کو - کچہری والوں کو - دکانداروں کو ہر پرکار کی آسانی ہو -]

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल): इलाहाबादी जी, आपको पांच मिनट का समय दिया गया था। आपको बोलते हुये 10 मिनट हो गये हैं। आपने इस पर गौर नहीं किया है।

You could be brief then

श्री इक्बाल रजा इलाहाबादी (इलाहाबादी): मैं गौर कर रहा हूं। मेरे ही नजदीक में श्री बिरला जी बैठते हैं। वे अभी तकरीर कर रहे थे। मैंने गौर किया कि उनके बोलते वक्त न तो कोई घंटी की आवाज आई, न घंटे की आवाज आई और न किसी और चीज की आवाज आई। मैं इस कुर्सी से यह उम्मीद करता हूं कि यह कुर्सी हर एक के साथ इंसाफ करेगी।

نے بھی کہا کہ یہ ٹرین روکنی چاہئے ان اسٹیشنوں پر لیکن آپ ہیں - آپ کا ڈیپارٹمنٹ ہے جو ضد کر رہا ہے کہ نہیں روکنی ہے - اس مچلے ہوئے ہیں کہ ہمیں ایک درد چکر بنانے کی بات ہے - دو آدمی کٹ گئے گاڑی سے - چلتی گاڑی سے دو لڑکے کودے - ان کے پاؤں کٹ گئے - لیکن اسکے بعد بھی آپ کو ان پر رحم نہیں آیا - میں آپ سے التجا کرتا ہوں - میں آپ سے ریکویسٹ کرتا ہوں کہ اس فیض آباد اور الہ آباد کی ٹرین جو سرجو ایکسپریس کے نام سے مشہور ہے - اس کو آپ پسنجر ٹرین کر دیں - یہ وہاں کی پبلک کی یہ ڈمانڈ ہے - غریبوں کی ڈمانڈ ہے - دیہات کے علاقوں کی ڈمانڈ ہے اور اس کے ساتھ ایک بات اور کہنا چاہتا ہوں - کل سکل جی نے الہ آباد میں راجدھانی روکنے کی بات کہی - میں کچھ زیادہ تو نہیں کہنا چاہتا لیکن ایک بات سکل جی کہنا بھول گئے کہ آج جس آزادی کے ٹاؤن میں ہم بیٹھے ہوئے ہیں وہ کانگریس کی دین ہے اور کانگریس کا ہیڈ کوارٹر الہ آباد میں ہی ساٹھ سال تک رہا - چالیس سال تک تو وہاں اخبار ریڈیو چلایا رہا - الہ آباد کو آپ اتنی آسانی سے نوکلیوٹ نہیں کر سکتے - نظر انداز نہیں کر سکتے - جو ابھی

†[]شری ہاشم رضا عابدی الہ آبادی:

میں غور کر رہا ہوں- میرے نزدیک میں برلا صاحب بیٹھے ہیں - وہ ابھی تقریر کر رہے تھے - میں نے غور کیا کہ ان کے بولتے وقت نہ تو کوئی گھنٹی کی آواز آئی نہ گھنٹے کی آواز آئی اور نہ ہی اور چھڑ کی آواز آئی - میں اس کرسی سے یہ امید کرتا ہوں کہ یہ کرسی سب کے ساتھ انصاف کرے گی -]

उपसभाध्यक्ष (श्री पवन कुमार बांसल): पार्टी के हिसाब से सब को समय मिलता है । उनको उसी हिसाब से समय दिया गया था । अब आप एक सैन्टेन्स में अपनी बात खत्म कर दीजिये ।

श्री हाशिम रजा आबदी इलाहाबादी : मैं चाहता हू कि फैजाबाद से इलाहाबाद वाली गाड़ी को मेरे जवान, खूबसूरत, चहेते मिनिस्टर श्री माधवराव जी सिंधिया साहब वहां रुकवा दें और सब का प्यार, सब की चाह, सब का इश्क ले लें जिससे कि इस वक्त वे महरूम ई ।

†[]شری ہاشم رضا عابدی الہ آبادی:

میں چاہتا ہوں کہ فیض آباد سے الہ آباد والی گاڑی کو میرے جوان - خوبصورت - چہیتے منسٹر شری مادھو راؤ سندھیا صاحب وہاں رکوا دیں اور سب کا پیار - سب کی چاہ سب کا عشق لے لیں - جس سے اس وقت وہ محروم ہیں -]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PAW AN KUMAR BANSAL): The discussion is concluded and the Honourable Minister would reply to the debate tomorrow. The House is adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned *at* seven minutes past eight of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 11th March, 1986.

t[]Transliteration in Arabic Script.